## सब्जी मंडी में आवंटित दुकानों को बनाया गोदाम, सड़क पर कारोबार

# भारी फजीहत: दुकानदारों की मनमानी से लोगों की बढ़ी मुसीबत, जाम से हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी





वैसे तो शहर का शायद ही ऐसा कोई मार्ग हो जहां अस्थायी अतिक्रमण न पसरा हो लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों को इससे कोई खास सरोकार नहीं रहता। सारी मुसीबतें बस आम नागरिकों के हिस्से में आती हैं। बिलैया तलैया सब्जी मंडी में दुकानदारों को कारोबार के लिए भले ही दुकानें आवंटित की गई लेकिन वे इसका उपयोग गोदाम की तरह कर रहे हैं रही बात व्यवसाय की तो सारे टोकरे सड़क पर ही रखे जाते हैं। दोनो ओर से दुकानदार अपनी सामग्री सड़क पर ही रखते हैं ऐसे में वाहन चालकों एवं ग्राहकों को निकलने तक में परेशानी होती है। सुबह से लेकर शाम तक यहां वाहन तो छोड़िये पैदल चलने वालों की भी फजीहत होती है।

सब्जी मंडी में दिन के समय तिपहिया वाहनो का प्रवेश प्रतिबंधित है। इसके बाद यहां वाहनो का प्रवेश हो रहा है। एक तो दुकानदारो द्वारा आगे बढ़ाकर दुकान लगाने और उपर से वाहनो की आवाजाही के चलते जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। सब्जी मंडी में सब्जी लेने वालो के लिये आने वाले लोग असुविधाओं को लेकर जिम्मेदारो कोसते है। लोगो का कहना है कि सब्जी मंडी जैसी सार्वजनिक जगह में सुगम व्यवस्थायें भी नही की जा रही है। जिससे लोगो को परेशानी व असुविधा झेलनी पड़ रही है।

सब्जी मंडी में दुकाने व्यापार के लिये आवंटित की गई है लेकिन दुकानदारों ने उपरी कमाई के लिये सिकमी किरायेदार रख लिया है जो अपनी दुकान के सामने या बगल से ही सड़क पर बैठाकर किराया वसूल रहा है। स्थायी दुकानदारो ने कमाई के कई नये रास्ते ढूंढ़ लिये है जिससे आमजनों को परेशानी होती है।

### सभी रास्तों में एक जैसी समस्या

बिलैया तलैया सब्जी मंडी क्षेत्र में साग सब्जी के अलावा कई अन्य तरह की दुकानों का भी संचालन हो रहा है जहां खरीदी करने के लिये लोगों का आना जाना दिन भर बना रहता है लेकिन सब्जी विक्रेता अपनी दुकानें सड़क पर ही लगाते है जिससे न सिर्फ आवागमन अवरोधित होता है बल्कि लोगों को जाम की समस्या से भी जूझना पड़ता है। सख्त कार्यवाही नहीं होने से दुकानदारों को लोगों की परेशानियों से कोई मतलब नहीं है।

## खबर संक्षेप

### लोक अदालत में समझौते से प्रकरणों का होगा निराकरण

**कटनी।** जिले के समस्त न्यायालयों एवं अन्य विभागों में वर्ष 2025 की अंतिम नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 दिसम्बर 2025 को किया जा रहा है। जिसमें आपराधिक, सिविल, विद्युत अधिनियम, श्रम विवाद के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट के अंतर्गत चैक बाउन्स प्रकरण, पारिवारिक विवादों के प्रकरण, भू-अर्जन मामले, सेवा संबंधी मामले, राजस्व मामले एवं अन्य सिविल मामलों का आपसी समझौते के आधार पर राजीनामा योग्य प्रकरणो एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया जावेगा। व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड,सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सुमित शर्मा के द्वारा पक्षकारों से अपील की है कि जिन लोगो के मामले न्यायालय में चल रहे है, वे संबंधित न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता से संपर्क स्थापित कर राजीनामा योग्य प्रकरणों में समझौते के आधार पर प्रकरण का निराकरण करवा सकते है। साथ ही छोटे-मोटे आपसी विवाद वाले मामले एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरण जो न्यायालय तक अभी नहीं पहुंच पाये है, ऐसे व्यक्ति भी संबंधित विभाग या न्यायालय में प्री-लिटिगेशन के माध्यम से प्रकरण का निराकरण करा कर लोक अदालत का लाभ उठा सकते है।

### महामंडल विधान एवं विश्व शांति यज्ञ आज से

**कटनी।** श्री 1008 चन्द्रप्रभ दिग.जैन बंगला मंदिर में पदम सागर महाराज के पावन सानिध्य में श्री 1008 समवशरण महामण्डल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन 25 नंबवर से 30 नवम्बर तक आयोजित किया जावेगा। मंदिर ट्रस्ट कमेटी के राकेश जैन कक्का ने बतलाया कि कार्यक्रम की श्रृंखला में प्रतिदिन प्रातः अभिषेक पूजन, विधान, एवं मुनि श्री मांगलिक प्रवचन बाल ब्रम्हचारी मोनू भैया, पं. विकास शास्त्री, वाणी भूषण, बा.ब्रम्हचारी नरेश भैया जबलपुर के निर्देशन में सम्पन्न होगा। रात्रि में महाआरती एवं स्वाध्याय के तत्पश्चात रात्रिकालीन पाठशाला के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। मंत्री विमल जैन एवं कोषाध्यक्ष सुदीश जैन पप्पू मामा ने बताया कि 26 नवबंर दिन बुधवार को प्रातः घटयात्रा, ध्वजारोहण इन्द्र प्रतिष्ठा, मण्डप शुद्धी, श्रीजी विराजमान तथा 27 एवं 28 एवं 29 नवम्बर को नियमित अभिषेक-पूजन विधान, मांगलिक प्रवचन होगे। 30 नबम्बर दिन रविवार को प्रातः शांतिधारा, नित्य पूजन मांगलिक प्रवचन के पतत्पश्चात प्रातः 9.00 बजे श्रीजी के भव्य शोभायात्रा नगर भ्रमण हेतु निकलेगी, समापन के पश्चात सभी सामाजिक बन्धुओं,माताओ-बहनों का वात्सल्य भोज का कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा।

### गुरु तेग बहादुर का मनाया बलिदान दिवस

**कटनी।** शासकीय महाविद्यालय बरही में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी और कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविन्द सिंह के नेतृत्व में साहस, बलिदान एवं मानवाधिकारों की रक्षा के प्रतीक सिखों के नौवें गुरु तेग बहादुर का बलिदान दिवस मनाया गया। डॉ. अरविन्द सिंह ने बताया कि गुरु तेग बहादुर, सिखों के छठें गुरु हरगोबिंद साहिब के पुत्र थे। जिनका जन्म 1621 में अमृतसर में हुआ था। वे बचपन से ही गहरे आध्यात्मिक विचारों वाले थे। उन्हें तलवार चलाना, घुड़सवारी एवं शास्त्र-विद्या का भी असाधारण ज्ञान था। उन्होंने हिंदू धर्म को बचाने के लिए मुगल शासक औरंगजेब से सीधी टक्कर ली एवं कश्मीरी पंडितों की गरिमा एवं हिन्दू धर्म की रक्षा करते हुए अपने जीवन का बलिदान कर दिया था। गुरू तेग बहादुर के जीवन से जुड़े कई पहलुओं से भी अवगत कराया। अगले चरण में गुरु तेग बहादुर से संबंधित प्रेरक लघु फिल्म दिखाई गई। अंत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ अरविन्द सिंह ने विद्यार्थियों से कहा कि हमें भी उनके आदर्शों पर चलते हुए समाज में बदलाव लाने का प्रयास करना चाहिए।

## कटनी जिले में 61.31 फीसदी गणना पत्रकों का हुआ डिजिटाइजेशन कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में गणना पत्रक डिजीटाइजेशन का कार्य 61.31 प्रतिशत पूरा हो गया है। जो मध्य प्रदेश में हुए अब तक औसत 57.05 फीसदी डिजिटाइजेशन कार्य से 4.26 प्रतिशत अधिक है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष तिवारी द्वारा सतत रूप से पर्यवेक्षण और निरीक्षण की वजह से डिजिटाइजेशन कार्य मे तेजी आई है। जिले में 10 लाख 2 हजार से अधिक मतदाताओं को एन्युमरेशन फॉर्म का बीएलओ द्वारा वितरण किया जा चुका है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले में मतदाता सूची को शुद्ध व त्रुटि रहित बनाने लिए एसआईआर का कार्य तेजी से चल रहा है। इसके अंतर्गत बीएलओ द्वारा मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण व डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है।

कलेक्टर प्रतिदिन गूगल मीट से हर दिन के डिजिटाइजेशन कार्य की वर्चुअली समीक्षा करते हैं। इसमें निगमायुक्त, जिला पंचायत सीईओ, सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और जनपद पंचायतों के सीईओ सहित नगर पंचायतों के सी एम ओ , महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी जुड़ते हैं।

### जिले में 23 नवंबर तक 10 लाख 2 हजार 29

मतदाताओं को 1168 बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा गणना पत्र प्रदान किया जा चुके हैं। इनमें से 6लाख 14 हजार 381 गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन भी पूरा किया जा चुका है, जो कुल गणना पत्रकों का 61.31 प्रतिशत है

### चार दिसंबर तक भरें जाएंगे गणना पत्रक

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर घर जाकर गणना पत्रक का वितरण किया जा रहा है। यह प्रक्रिया 4 दिसंबर तक चलेगी।

### ऑनलाइन भर सकते हैं फॉर्म

एसआईआर के दौरान मतदाता ऑनलाइन भी गणना पत्रक भर सकते हैं। इसके लिए मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट voters.eci.gov.in पर जाकर फॉर्म भरना होगा। साथ ही मतदाता 2003 की मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश की वेबसाइट https://ceoelection.mp.gov.in पर जाकर आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

## निगमाध्यक्ष ने एसआइआर कार्य का लिया जायजा, प्रगति की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें एसआइआर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को गति देने के लिए सी.एल.पी. स्कूल पहुंचकर वार्ड क्षेत्र के बी.एल.ओ एवं नागरिकों के साथ बैठकर मतदाता सूची के अद्यतन कार्य की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। निगम अध्यक्ष पाठक ने बी.एल.ओ से घर-घर सत्यापन की प्रगति की जानकारी ली और सुनिश्चित किया कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित हो तथा त्रुटिपूर्ण नामों का सुधार किया जाए। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे आवश्यक दस्तावेज समय पर उपलब्ध कराएँ और SIR प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग दें।

श्री पाठक नें कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती का आधार है। हर योग्य नागरिक का नाम सूची में हो, यही हमारा लक्ष्य है। निगम प्रशासन और BLO संयुक्त रूप से यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम छूटने न पाए नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के लिए श्री पाठक नें स्वयं लोगों से संवाद किया और SIR के महत्व को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने बताया कि यह अभियान मतदाता सूची को पूरी तरह अद्यतन, त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वार्ड के नागरिकों ने भी निगम अध्यक्ष की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार का मैदानी और सीधा संवाद लोगों को जागरूक करने में अत्यंत प्रभावी है।

निगमाध्यक्ष नें सभी अधिकारियों, बी.एल.ओ तथा क्षेत्रीय नागरिकों से अपील की है कि वे मिलकर इस अभियान को समयसीमा में पूर्ण करें और लोकतांत्रिक व्यवस्था को और मजबूत बनाएं।

## शत-प्रतिशत हो जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, जारी हुए निर्देश

**कटनी।** विवाह तथा जन्म-मृत्यु पंजीयन को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए आयुक्त, आर्थिक एवं सांख्यिकी विकास मिश्रा ने सभी जिला कलेक्टर एवं जिला विवाह रजिस्ट्रार को निर्देश दिए हैं। "मध्यप्रदेश विवाहों का अनिवार्य रजिस्ट्रेशन नियम-2008" के तहत राज्य में किसी भी विधि या परंपरा से संपन्न हुए सभी विवाहों का पंजीयन अनिवार्य है। व्यवहारिक रूप से सभी विवाह पंजीकृत न हो पाने से विशेषकर महिलाओं को पति की मृत्यु या अन्य कानूनी परिस्थितियों में प्रमाण और अधिकार प्राप्त करने में कठिनाई होती है। इसी समस्या को दूर करने और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए जिलों को विशेष कदम उठाने को कहा गया है। महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा, परिवार को मिलने वाली वैधानिक सुविधाओं की गारंटी तथा शासन की जनहितकारी योजनाओं के पारदर्शी क्रियान्वयन को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने इस प्रक्रिया को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है। आयुक्त श्री मिश्रा ने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम जैसे मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री निकाह योजना तथा अन्य सामाजिक आयोजनों में विवाह स्थल पर ही प्रमाण-पत्र जारी करने की व्यवस्था को सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने सभी नगरीय निकायों और सार्वजनिक स्थानों पर विवाह पंजीयन के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं।

## खतरनाक स्थिति में विद्युत पोल, हादसे का बना खतरा



पोड़ी कला बी में कई दिनों से टूटी पड़ी बिजली की तार ग्रामीणों के लिए गंभीर खतरे का कारण बनी हुई है। गांव के अदंर हनुमान मंदिर के पास मुख्य रास्ते और खेत जाने वाली पगडंडी के पास गिरी यह तार पिछले तीन महीने पहले तेज हवा और बारिश के दौरान टूटकर जमीन पर आ गई थी। बिजली खंभा भी आड़े तिरछे हो गए है। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तुरंत बिजली विभाग को दे दी थी, लेकिन विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने बताया कि टूटी हुई तार अत्यंत खतरनाक स्थिति में पड़ी है। फिलहाल सिंचाई का समय चल रहा है, लेकिन बिजली की समस्या के चलते किसानों के खेतों में मोटर चालू नहीं हो पा रही है। समय पर सिंचाई न होने से फसलों पर संकट गहराने लगा हैग्रामीणों के अनुसार, मामले की शिकायत कई बार बिजली विभाग में दर्ज कराई गई, लेकिन हर बार उन्हें "टीम भेज रहे हैं" कहकर टाल दिया गया। ग्रामीणों ने आरोप है कि उनकी समस्या को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है।

## बहोरीबंद ब्लाक के 26 केंद्रों में होगी धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 1 दिसंबर 2025से प्रारंभ होगी, जो 20 जनवरी 2026 तक चलेगी। धान खरीदी की प्रक्रिया स्लॉट बुक के जरिये होगी। धान खरीदी के लिए बहोरीबंद विकासखण्ड में 26 केन्द्र बनाए गए है जिसमें स्लीमनाबाद तहसील में 8 तो बहोरीबंद तहसील में 18 उपार्जन केंद्र बनाये गये है। इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान की बिक्री करने के लिए बहोरीबंद विकासखंड में 17291 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है।

सहायक आपूर्ति अधिकारी पीयूष शुक्ला ने बताया की खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार, बाजरा उपार्जन के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर किसानों ने पंजीयन कराया गया था। समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए बहोरीबंद विकासखण्ड में 26 खरीदी केन्द्रों का निर्धारण किया गया है।

### व्यापारियों को कम दाम में धान बेच रहे किसान

वर्तमान मे रबी सीजन कृषि कार्य जारी है। गेंहू फसल की बोवनी का क्रम जारी है। ऐसे में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ नहीं होने से किसान औने-पौने दाम पर अपनी उपज को बेच रहे है। व्यापारी भी धान की फसल का सही दाम नहीं लगा रहे थे। वर्तमान मे अंतिम दौर पर धान की कटाई का कार्य चल रहा है

### ये बनाये गए है केंद्र

बहोरीबंद विकासखण्ड में स्लीमनाबाद व बहोरीबंद दो तहसील है धान उपार्जन के लिए 26 खरीदी केंद्र बनाये गए है। स्लीमनाबाद तहसील में तेवरी, स्लीमनाबाद, धरवारा,धूरी, पडरभटा, भूला, कौड़िया,जुजावल व बहोरीबंद तहसील मैं कुआँ, केवलारी, कूडन,देवरी (खरगवाँ), पथराड़ी पिपरिया, बरही (बाकल), बहोरीबंद, सिदुरसी, बाकल, सिहुँडी, मसंधा, हथियागढ़, बचैया, कूड़ा व इमलिया केंद्र है।

### इनका कहना है

सहायक आपूर्ति अधिकारी पीयूष शुक्ला का कहना है कि धान का समर्थन मूल्य 2368 रुपए प्रति क्विंटल है। विकासखण्ड में पंजीकृत किसानों से खरीदी का कार्य 1 दिसंबर से प्रारंभ होगा। जो 20 जनवरी तक चलेगा। धान विक्रय के लिए 17 हजार 291 किसानों ने पंजीयन कराया है। किसान समयावधि में स्लॉट बुक कर धान बेचने खरीदी केन्द्र में पहुंचे।

*किसानों का कहना है कि बीते माह बारिश होने से फसल हो चुकी है खराब*

## टमाटर से लेकर हरी सब्जियों तक के दामों में लगा महंगाई का तड़का

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सर्दियों के मौसम में अक्सर हरी सब्जियों के दामों में काफी राहत रहती रही लेकिन इस वर्ष टमाटर से लेकर हरी सब्जियों के दामों में महंगाई की मार पड़ रही है। हरी सब्जियों व टमाटर के दाम 50 से 60 रूपए प्रतिकिलो तक है। इसके अलावा हरी सब्जियां भी महंगाई की चपेट में हैं। इससे आम गरीब लोगों का बजट गड़बड़ा गया है।

### सभी सब्जियां हैं महंगी

जिले में स्थानीय सब्जी अभी नहीं आ रही है जिससे अन्य जिलों से सब्जियों की आवक हो रही है जिसका असर भी सब्जियों के दामों में पड़ रहा है। इस समय सब्जी मंडी में सब्जियों के भाव आसमान छू रहे हैं। 10 से 20 रुपए प्रति किलो ग्राम तक बिकने वाला टमाटर 50 से 60 रुपए की दर तक तक पहुंच गया है। सभी प्रकार की हरी सब्जी व भाजी के दाम 40 से 60 रूपए किलो बिक पहुंच गई है। इसके अलावा हरी सब्जियों में लौकी, बैगन, परवल, आदि भी महंगाई का तड़का लगा हुआ है। हरा धनियां व हरी मिर्च भी मंहगाई से झुलस रही है।

### स्थानीय सब्जी की आवक नहीं

सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि अभी स्थानीय स्तर पर सब्जियों की आवक नहीं हो रही है। दूसरी ओर बाहर से आने वाली सब्जियां भी नहीं पहुंच रही है। स्थानीय स्तर पर मिलने वाली सब्जियां भी कम पड़ रही है जिसके कारण सीधा असर दामों पर पड़ रहा है। स्थानीय बाजार में कोई भी हरी सब्जी 40 रूपए के कम की नहीं है। कई सब्जियों के दाम तो आधा सैकड़ा पार कर चुके हैं। सब्जियों के इतने महंगे दाम सुनकर ही लोग चलते बनते हैं। महंगी सब्जियों से सबसे ज्यादा मध्यम व गरीब तबके के लोग परेशान हैं। विक्रेताओं की माने तो सब्जी की आवक बढ़ जाने पर दामों में कमी आ सकती है। फिलहाल अभी सब्जियों के दामों में कमी के आसार कम ही दिखाई दे रहे हैं।

## सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

# सांसद खेल महोत्सव की तैयारियों का निगमायुक्त ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खेलो इंडिया और फिट युवा फार विकसित भारत अभियान के तहत 25 नवंबर को दोपहर 1 बजे से पंडित दीनदयाल उपाध्याय खेल मैदान, फॉरेस्टर प्लेग्राउंड में आयोजित होने वाले सांसद खेल महोत्सव के दौरान निगम प्रशासन द्वारा की जाने वाली आवश्यक तैयारियों का सोमवार को निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा फारेस्टर ग्राउंड पहुंचकर जायजा लिया जाकर अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं चाक - चौबंद रखने के निर्देश दिए गए।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को बताया कि केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री के.एल. मुरूगन के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होनें वाले सांसद खेल महोत्सव में प्रदेश स्तरीय सम्माननीय जनप्रतिनिधियों सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं खिलाड़ियों सहित काफी संख्या में दर्शकों के शामिल होनें की संभावना है। अतः फारेस्टर प्ले ग्राउंड खेल मैदान एवं आसपास के पहुंच मार्गो में निगम प्रशासन द्वारा की जाने वाली समस्त व्यवस्थाएं चुस्त एवं दुरूस्त रखी जाएं। उन्होंने अधिकारियों के साथ मंच स्थल सहित बैठक व्यवस्था, विभिन्न खेलों के आयोजन हेतु चिन्हित स्थलों आदि का जायजा लेते हुए स्थल पर पर्याप्त साफ-सफाई व्यवस्था हेतु स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। निगमायुक्त सुश्री परिहार ने कार्यक्रम स्थल पर पेयजल व्यवस्था हेतु आवश्यकता अनुरूप शुद्ध पानी के टैंकरों की व्यवस्था सहित पानी के स्टॉल की व्यवस्था करने, आवारा मवेशियों के विचरण पर नियंत्रण हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के साथ ही कार्यक्रम स्थल पर निगम की स्वच्छता गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा, सुश्री असित खरे, सहायक यंत्री आदेश जैन, स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी, आदित्य मिश्रा, अभिषेक अरजरिया सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

### व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करानें के दिए निर्देश

सांसद खेल महोत्सव के आयोजन के दौरान नगर निगम से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करानें हेतु उपायुक्त शैलेष गुप्ता द्वारा निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी एवं कर्मचारियों को दायित्व का आवंटन कर उनकी ड्यूटी लगाई गई है। मंच, पंडाल, साज सज्जा टेंट, माइक साउंड, ग्रीन रूम, बेरीकेट, एल.ई.डी एवं बैठक व्यवस्था का दायित्व को सौंपा गया है।

## मोटर साइकिल चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मोटर साइकिल चोरी करने एवं निगरानी बदमाश को एनकेजे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बदमाश को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की गई। थाना प्रभारी रूपेंद्र राजपूत ने बताया की 23 नवंबर को रोशन नगर निवासी महावीर शरण नायक ने शिकायत दर्ज कराई की उनके घर बाहर से मोटर सायकल कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। शिकायत पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। मोटर सायकल के सम्बन्ध में सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर मोटर सायकल तलाश करने के लिए टीम एवं मुखबिर को सक्रिय किया गया।

मुखबिर से सूचना मिली की सीसीटीव्ही से प्राप्त फोटो के हुलिये जैसा व्यक्ति राजकुमार स्कूल बजरिया के पास बैठा है। सूचना पर तत्काल टीम ने घेराबन्द कर बदमाश को पकङ लिया। पकड़े गए नितेश व्दिवेदी पिता प्रमोद व्दिवेदी 20 साल निवासी हनुमान मन्दिर के पास रोशन नगर थाना एन.के.जे. से पूछताछ करने पर उसने बताया की उसका नाम थाना हाजा मे निगरानी बदमाश की सूची मे दर्ज है। जिसे थाना लाकर कङाई से पूछताछ करने पर उसने जुर्म करना स्वीकार करते हुये बताया कि रोशन नगर से एक घर के बाहर से चोरी की गई बाइक को उसने बजरंग कालोनी बच्चू यादव के घर के सामने रोङ किनारे खङी कर छिपा दिया है।

आरोपी के बयान के आधार पर बाइक को जप्त किया गया एवं उसे गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे बाद में जेल भेज दिया गया।

## खबर संक्षेप

### सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ आज

**कटनी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खेलो इंडिया और फिट युवा फार विकसित भारत अभियान के तहत 25 नवंबर को दोपहर 1 बजे पंडित दीनदयाल उपाध्याय खेल मैदान (फारेस्टर खेल मैदान) में सांसद खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ होगा। 25 दिसंबर तक चलने वाले इस सांसद खेल महोत्सव के संयोजक खजुराहो सांसद वीडी शर्मा हैं। सांसद खेल महोत्सव के आयोजन के मुख्य अतिथि केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री के एल मुरूगन होंगे। जबकि अध्यक्षता प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री और कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह करेंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार भी उपस्थित रहेंगे। विधायक विजयराघवगढ़ संजय सत्येन्द्र पाठक, विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, बहोरीबंद विधायक प्रणय पाण्डे, सहित अरविंद पटेरिया, बृजेन्द्र प्रताप सिंह, प्रहलाद लोधी एवं राजेश वर्मा, दीपक टंडन, चन्द्रभान गौतम, बृजेन्द्र मिश्रा भी मौजूद रहेंगे।

### आदतन अपराधी पर जिलाबदर की कार्रवाई

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने पाठक वार्ड भट्टा मोहल्ला कटनी निवासी बादल खान पिता रफीक खान 24 वर्ष के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर आगामी 6 माह की अवधि के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है। कलेक्टर ने जिला बदर की यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है। बादल खान वर्ष 2014 से ही अपराध करते चला आ रहा है। इसके विरूद्ध थाना कोतवाली एवं थाना रंगनाथ नगर क्षेत्र मे आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें जान से मारने ने की नीयत से हमला करना, जुआं खेलना, एक्सीडेंट करना, अवैध रूप से शस्त्र कब्जे में रखना, जान से मारने की धमकी देना, जातिसूचक अपमानित करना, अवैध शराब का विक्रय करना जैसे गंभीर अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा बादल के विरूद्ध समय-समय पर वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई फिर भी आदतन अपराधी के आचरण व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने आदतन अपराधी बादल खान को 24 घंटे के भीतर कटनी जिले की राजस्व सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना एवं उमरिया जिले की राजस्व सीमाओं से 6 माह की अवधि के लिए बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

### धरा गया तस्कर, 12 हजार रूपए कीमती गांजा जब्त

**कटनी।** स्लीमनाबाद पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान एक आरोपी को 1.197 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया, जिसकी कीमत लगभग 12,000 रुपये बताई जा रही है। यह कार्रवाई एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी डॉ. संतोष डेहरिया तथा एसडीओपी स्लीमनाबाद आकांक्षा चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। पुलिस के अनुसार रात्रि क्षेत्र भ्रमण के दौरान पुलिस टीम ने रजा मार्बल के पास, लक्ष्मी गौड़ मार्बल रोड, ग्राम छपरा में एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में देखा। वह लाल धारीदार सफेद थैला लिए पुलिस को देखकर भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने उसका पीछा कर घेराबंदी करते हुए उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके थैले से 1.197 किलो गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मुकेश साहू पिता पुरुषोत्तम साहू 47 वर्ष निवासी कटरा मोहल्ला, सिहोरा जिला जबलपुर बताया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध NDPS एक्ट की धारा 8/20 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर दिया है तथा न्यायालय कटनी में पेश किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक सुदेश कुमार, उप निरीक्षक अनिल यादव, सहायक उप निरीक्षक मथुरा प्रसाद, प्रधान आरक्षक अंकित दुबे, आरक्षक सोने सिंह, आशीष पटेल, अभिषेक राजावत, रजनीश एवं रोहित पाटकर की भूमिका रही।

### स्थायी बस स्टैण्ड एवं नगर परिषद बनाने सहित अन्य वादों को नेताओं ने बिसराया

# विकास एवं सुविधाओं की बाट जोह रहा स्लीमनाबाद आश्वासनों का झुनझुना पकड़ा रहे नेता व अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



स्लीमनाबाद तहसील आज भी कई सुविधाओ से महरूम है। चुनाव के दौरान प्रत्याशियों ने जनता से जो वादे किए पर वह सिर्फ चुनावी जुमला साबित हुआ। स्लीमनाबाद खनिज सम्पदा से भरपूर है। बहोरीबंद विधानसभा की राजनीति का केंद्र भी है लेकिन विकास और सुविधाओं की बाट जोह रहा है। किसान बाहुल्य क्षेत्र होने ओर राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित होने के कारण कृषि मंडी की जरूरत, आई टी आई, सिविल कोर्ट, विकासखंड बनाने, नगर परिषद की घोषणा होने के बाद भी अब तक नगर परिषद न बनना। रेलवे स्टेशन होने के वाबजूद विभिन्न ट्रेनों का स्टापेज़ न होना। स्लीमनाबाद मै स्थाई बस स्टैंड की वर्षो से मांग चली आ रही है, पर अभी तक किसी जिम्मेदार ने इसे पूरा करने की जहमत नहीं उठाई। इस रोड पर जल्दबाजी में सवारी के उतरने-चढऩे से हादसों का डर बना रहता है। यहां बस संचालकों को भी बस खड़ा करने कई तरह की समस्या आ रही है।

#### किसी को नहीं है सरोकार

स्थानीय निवासियों का कहना है कि स्थाई बस स्टैंड और यात्री प्रतीक्षालय नहीं होने के कारण यात्रियों को धूप में खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ रहा हैं।सडक़ किनारे बने अघोषित बस स्टैंड से करीब 50 से अधिक बसों को संचालन प्रतिदिन कटनी, दमोह,जबलपुर, बहोरीबंद, मझौली, ढीमरखेड़ा, बड़वारा की ओर किया जाता है। उसके बावजूद यात्रियों की सुविधाओं के लिए यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण नहीं कराया जा रहा हैं। जन प्रतिनिधियों से कई बार प्रतीक्षालय की मांग की गई, अधिकारियों से गुजारिश कीलेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

नागरिकों का कहना है कि यात्री प्रतीक्षालय के अभाव में यात्रियों को धूप में खड़ा होना पड़ता हैं। यहां पर बनी दुकानों के टीनशेड में खड़े होने पर दुकानदार लोगों को यहां पर खड़े होने से मना कर देते हैं, जिससे यात्रियों को बारिश, गर्मी, ठंड, के मौसम में परिजनों सहित खड़ा होना पड़ता है।साथ ही सबसे बड़ी जो समस्या है वह सामुदायिक स्वच्छता परिसर की न होने की है।जिससे सबसे बड़ी परेशानी महिलाओं को होती है।

व्यापारियों का कहना है कि चुनाव के समय जनप्रतिनिधियों के द्वारा बड़े बड़े वादे किए जाते है।लेकिन चुनाव जीतने के बाद कोई पलटकर नहीं देखता। सरपंच, जनपद व जिला पंचायत सदस्य के अलावा विधायक भी निर्वाचित होकर जाते है लेकिन मूलभूत सुविधाओं को लेकर किसी को भी कोई सरोकार नही रहता है।

बहोरीबंद विधानसभा से कांग्रेस व भाजपा दोनो ही पार्टियों के विधायक बन चुके है लेकिन स्लीमनाबाद में स्थाई बस स्टैंड की सुविधा पूरी नही हो सकी है।

#### इनका कहना है

बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडेय का कहना है कि स्लीमनाबाद का समग्र विकास हो इसके लिए जो भी मूलभूत सुविधाओ की नितांत आवश्यकता है उनको प्राथमिकता में लेकर पूरा कराने का प्रयास किया जा रहा है। स्लीमनाबाद में स्थाई बस स्टैंड निर्माण हो सके इसके लिए प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया। प्रस्ताव पास होते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही स्लीमनाबाद नगर परिषद बने इसके लिए भी सांसद व मुख्यमंत्री जी से मांग की गईं है। जल्द स्लीमनाबाद नगर परिषद बनेगी।

वहीं ग्रामीण जिलाध्यक्ष जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ आदित्य दुबे का कहना है कि स्लीमनाबाद को विकास की दिशा में लाने बहुत सी मूलभूत सुविधाओं की जरूरत है। स्लीमनाबाद का सर्वागीण विकास हो सके इसके लिए जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों को कोई सरोकार नही है। स्लीमनाबाद का समग्र विकास हो सके इसके लिए सार्थक पहल नहीं की जा रही है।

# ठंड से बचाव के लिए रैन बसेरा सहित अलाव की कराई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर में बढ़ती शीत लहर के प्रभाव को देखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर वासियों को ठंड से राहत प्रदान करने हेतु विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर अलाव व्यवस्था लगातार संचालित की जा रही है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर अलाव टीम द्वारा प्रमुख स्थलों मुख्य रेल्वे स्टेशन, जिला चिकित्सालय परिसर, बस स्टैंड एवं रैन बसेरा आदि जगहों पर अलाव हेतु लकड़ियों की व्यवस्था कराकर नागरिकों को राहत पहुंचाई गई।

निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अत्यधिक ठंड के समय निर्धारित अलाव स्थलों सहित बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा की निःशुल्क सुविधा का उपयोग कर शीत लहर से स्वयं को सुरक्षित रखें, वर्तमान में अलाव हेतु अतिरिक्त स्थलों का चयन किया जाकर अलाव के प्वाइंटों को बढ़ाने की प्रक्रिया जारी है। इस व्यवस्था में संलग्न टीम के कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि शीतलहर के दौर में किसी भी स्थान पर अलाव व्यवस्था में कमी न आए।

निगम कर्मियों द्वारा अलाव स्थलों का नियमित निरीक्षण कर यह देखा जा रहा है कि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही, कमजोर वर्ग के लोगों जैसे मजदूर, रिक्शा एवं ऑटो चालकों, रात में कार्यरत कर्मचारियों तथा राहगीरों को प्राथमिकता देते हुए अलाव की व्यवस्था को प्रभावी बनाने के प्रयास किये जा रहे है। साथ ही अलाव स्थलों की सुरक्षा, स्वच्छता तथा निगरानी पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है, ताकि नागरिक सुरक्षित वातावरण में इसका लाभ ले सकें। निरंतर बढ़ती ठंड को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन ने नागरिकों से विशेष सावधानी बरतनें अपील की गई है।

### मांसाहार का क्रय- विक्रय रहेगा प्रतिबंधित

**कटनी।** आगामी 27 नवंबर को संत तरण तारण जयंती पर्व होने के कारण नगर में सभी प्रकार के मांसाहारी खाद्य-पदार्थों मुर्गी, मटन, मछली आदि का क्रय-विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने मांसाहारी पदार्थ का विक्रय करने वाले दुकानदारों को सूचित किया है कि निर्धारित दिवस पर मांसाहारी पदार्थ का क्रय- विक्रय न करें। आदेश का उल्लंघन करने वाले संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### विवाह पंचमी मनाने मंदिरों में की गई आवश्यक तैयारियां

# विधि विधान से होगा श्रीराम-जानकी विवाह, धूमधाम से निकलेगी बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को विवाह पंचमी के नाम से जाना जाता है जो आज मंगलवार को है। त्रेतायुग मे विवाह पंचमी के दिन ही भगवान श्रीराम -जानकी का विवाह हुआ था। स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र के मंदिरों में 25 नवंबर को विवाह पंचमी का पर्व उत्सव के रूप मे मनाया जाएगा।जिसको लेकर मंदिरों मे आवश्यक तैयारियां की जा रही है।

#### विवाह पंचमी पर रहेगा गजकेसरी एवं रवियोग

पंडित दिलीप त्रिपाठी ने बताया कि मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी को विवाह पंचमी धूमधाम से मनाई जाएगी। प्रथा है कि इस दिन पुरुषोत्तम श्रीराम का विवाह माता सीता से हुआ था। इस बार विवाह पंचमी के दिन कई विशेष शुभ योग बन रहे हैं। विवाह पंचमी पर इस बार हंस राजयोग, रुचक राजयोग, मालव्य राजयोग, गजकेसरी योग और रवियोग का भी शुभ संयोग बना है। विवाह पंचमी पर स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी रसिक बिहारी जू मंदिर में विवाह पंचमी पर भगवान श्रीराम -जानकी विवाह महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

सिंहवाहिनी महिला मंडल ने बताया कि 6 दिसंबर को सुबह भगवान श्रीराम जानकी का जलाभिषेक किया जाएगा। नई पोशाक से भगवान का दूल्हा स्वरूप में श्रृंगार होगा। शाम को विवाह के मंगल गीतों व सुहागिलो के साथ ही भगवान का विवाह होगा। पांव पखराई की रस्म होगी। विभिन्न प्रकार के पकवानों का भोग लगाकर भक्तों में प्रसादी के रूप बाटा जायेगा।

वहीं कौड़िया स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में विवाह पंचमी पर विराजमान भगवान श्रीराम का दूल्हा स्वरूप में श्रृंगार होगा। विवाह पंचमी के दिन सुबह 11 बजे तेल एवं हल्दी की रस्म होगी। इसके बाद भगवान का पंचामृत व जलाभिषेक किया जाएगा। नई पोशाक से भगवान का दिव्य मनमोहक स्वरूप में श्रृंगार होगा।

### भागवत कथा में श्रीकृष्ण की लीलाओं का किया वर्णन



उमरियापान में कड़ेरे के दिवाले में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में सोमवार को पंडित संतोष पौराणिक ने गोवर्धन पर्वत पूजन का प्रेरणादायी प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान मंदिर प्रांगण में सुंदर गिरिराज पर्वत की झांकी सजाई गई, वहीं छप्पन भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। वातावरण भक्तिरस से सराबोर रहा और भगवान के भजनों पर श्रद्धालु देर तक झूमते रहे।कथावाचक पंडित संतोष पौराणिक ने श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने कंस द्वारा भेजे गए राक्षसों का संहार कर ब्रजवासियों को भयमुक्त जीवन प्रदान किया। उन्होंने इंद्र के घमंड और उसके प्रलयकारी प्रकोप का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों की रक्षा हेतु कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत धारण कर मानवता के कल्याण का संदेश दिया। कथा में बताया गया कि गोवर्धन पूजा प्रसंग प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण शुद्धता का प्रतीक है, जो हमें प्राकृतिक संसाधनों के प्रति सम्मान और आत्मीयता का भाव रखने की प्रेरणा देता है। श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों को सामाजिक कुरीतियों को त्यागने तथा निष्काम कर्म से जीवन को सार्थक बनाने का उपदेश दिया।

# एसआइआर कार्य में लगे निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को कार्य में प्रगति लाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र के निर्देशानुसार कटनी जिला सहित नगर निगम सीमा में भी मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य किया जा रहा है। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा इस कार्य में सहयोग प्रदान करने तथा कार्य के दौरान गणना पत्रक भरने संबंधी नागरिकों की समस्याओं के निराकरण हेतु निगम कार्यालय सहित जोन कार्यालयों में दो शिफ्ट में प्रातः 9 बजे से रात्रि 12 बजे तक निगम के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाते हुए हेल्पडेस्क की स्थापना की है।

उन्होंने बीएलओ के सहयोग हेतु नियुक्त निगम के सहायक दल और ऑनलाइन फीडिंग कार्य में लगे डाटा एंट्री ऑपरेटर्स, हेल्पडेस्क के कर्मचारियों को एसआईआर के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त सुश्री परिहार ने निगम कार्यालय व जोन कार्यालय में संलग्न कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों जैसे हेल्पडेस्क से नागरिकों की समस्याओं के निराकरण की स्थिति, गणना पत्रकों के वितरण व कलेक्शन एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराकर डिजिटलाइजेशन के कार्य में अधिकारियों के सहयोग आदि के कार्यों की समीक्षा कर प्रतिदिन अधिक से अधिक गणना पत्रकों का डिजिटलाइजेशन में सहयोग प्रदान कर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए है। निगमायुक्त ने निगम के जोन प्रभारियों को इस कार्य की सघन मॉनिटरिंग करने हेतु भी निर्देशित किया है।

निगमायुक्त ने बीएलओ के कार्य में सहयोग हेतु नियुक्त निगम के कर्मचारियों को बी एल ओ के साथ वार्ड का भ्रमण कर उनका आवश्यक सहयोग कर गणना पत्रक वितरण एवं संग्रहण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। एसआईआर में ऑनलाइन फीडिंग के लिए डाटा एंट्री ऑपरेटर्स को भी एंट्री कार्य में गति लाने के आवश्यक निर्देश निगमायुक्त सुश्री परिहार ने दिए है।

निगमायुक्त ने हेल्पडेस्क में नागरिकों की गणना प्रपत्र संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु नियुक्त निगम कर्मियों के कार्यों की समीक्षा कर शत प्रतिशत नागरिकों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से करते हुए गणना प्रपत्र भरवाने में आवश्यक सहयोग प्रदान करने के निर्देश भी हेल्पडेस्क में संलग्न कर्मचारियों को दिए है।

### निगमायुक्त ने दिये प्रशस्ति पत्र, कार्य पूर्ण होने पर मिलेगी मूवी टिकट

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ एवं सहयोगियों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम(एसआईआर) के अंतर्गत गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन में बेहतर कार्य करने वाले 93- मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र के बीएलओ को संयुक्त तहसील भवन में आयोजित कार्यक्रम में निगमायुक्त एवं नगर निगम क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी तपस्या परिहार और रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एस डी एम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी ने 20 बीएलओ व सुपरवाइजर सहित उनके सहयोगियों को स्मृति चिन्ह,पेन, डायरी प्रशस्ति पत्र और पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान मुंडवारा विधानसभा क्षेत्र के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, तहसीलदार कटनी ग्रामीण अजीत तिवारी, तहसीलदार नगर आशीष अग्रवाल, नायब तहसीलदार अतुलेश सिंह बघेल, हर्षवर्धन रामटेके व अवंतिका तिवारी और बीएलओ तथा बीएलओ सुपरवाइजर मौजूद रहे। निगमायुक्त तपस्या परिहार ने गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन कार्य में अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया के पूरा होने के बाद उत्कृष्ट कार्य करने वालों को मूवी टिकट भी दिया जायेगा।

अनुविभागीय/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 93 मुडवारा में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण 2026 में SIR के तहत विधानसभा स्तर में मतदान केन्द्रों में गणना पत्रकों के डिजिटाईजेशन के कार्य में 80 प्रतिशत से अधिक उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ एवं सुपरवाईजर को सम्मानित किया गया। इसमें बीएलओ सुपरवाईजर श्री अवधेश दाहिया मतदान केंद्र क्रमांक 271 से 280 तक में 80.10 प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन करने पर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार मतदान केन्द्र क्रमांक 273 के बीएलओ एम एल रैदास ने गणना पत्रक का 99.05 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया है।

मतदान केन्द्र क्रमांक 291 देवरी सानी के बीएलओ त्रिलोक सिंह ने 98.85 फीसदी, मतदान केन्द्र क्रमांक 275 देवरी की बीएलओ प्रेमलता नामदेव ने 96.57फीसदी तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 49 मड़ई के बीएलओ चितेंन्द्र सिंह ने 95.89 फीसदी डिजिटाइजेशन कार्य पूरा कर अन्य बीएलओ के लिए मिसाल बन गये हैं।

### समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दी सख्त हिदायत

# लंबित शिकायतों के शीघ्र निराकरण एवं उच्च गुणवत्ता के साथ कराएं बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर आशीष तिवारी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन, समय-सीमा पत्रों, लंबित पेंशन प्रकरणों, धान उपार्जन की तैयारियों, भू अर्जन एवं भूमि आवंटन से संबंधित बिंदुओं की समीक्षा की। इस दौरान अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा मौजूद रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर को जिले के निजी अस्पतालों को आयुष्मान योजना के तहत शीघ्र ऑनबोर्ड करने के निर्देश दिए। इस दौरान सीएमएचओ डॉ. राज सिंह ठाकुर ने बताया कि पिछले दस दिनों में 642 आयुष्मान कार्ड बनाये गये हैं। इस पर कलेक्टर श्री तिवारी ने आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री तिवारी ने पालकों से संवाद कर ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित हो रहे आधार कैंपों में बच्चों के आधार सुधार का कार्य करने हेतु शिक्षा विभाग को निर्देशित किया।

बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने सांइस एण्ड टेक, वन, जल संसाधन, स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा, श्रम विभाग, जेल, पीडब्ल्यूडी, सहकारिता, पीएचई, आरटीओ से संबंधित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा की और सभी विभागों को लंबित शिकायतों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एनएच, पीडब्ल्यूडी और पीआईयू द्वारा शिकायतों को निम्न गुणवत्ता से बंद कराने पर नाराजगी जाहिर करते हुये शिकायतो को उच्च गुणवत्ता के साथ बंद कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला खनिज अधिकारी रत्नेश दीक्षित को लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में गंभीरता प्रदर्शित करने की हिदायत दी। इसी प्रकार कलेक्टर ने नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण विभाग में 50 दिवस से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुये शिकायतों को बंद कराने के निर्देश सहायक यंत्री शिवानी डाबर को दिए। कलेक्टर ने समाधान ऑनलाईन शिकायतों की भी समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने हॉर्टीकल्चर, आदिम जाति कल्याण, आरटीओ, पीएचई, डूडा, नगर निगम, खेल आदि विभाग के समय-सीमा पत्रों की समीक्षा करते हुये शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने 1 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर शुरू होने जा रहे धान उपार्जन की तैयारियों की समीक्षा करते हुये अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नापतौल विभाग को उपार्जन शुरू होने से पूर्व कांटों की जांच को पूरा करने के निर्देश दिए।

इस दौरान कृषि विभाग ने जानकारी देते हुये बताया कि जिले में लगभग 80 प्रतिशत धान की कटाई का कार्य पूर्ण हो चुका है। जबकि 45 प्रतिशत के लगभग खरीफ फसलों की बुवाई की जा चुकी है। बैठक में बताया गया कि जिले में खाद की पर्याप्त उपलब्धता है।

बैठक में कलेक्टर श्री तिवारी ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित पेंशन प्रकरणों की प्रकरणवार समीक्षा की। इस दौरान जिला कोषालय अधिकारी ने जानकारी देते हुये बताया कि कुल 44 पेंशन प्रकरण लंबित है। जिनमें 29 प्रकरण न्यायालय स्तर पर लंबित है।

# 1070 एमटी यूरिया की रैक पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रबी फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की एक और रैक झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे कटनी जिले को 1070 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिली है। झुकेही रैक पाइंट से परिवहन कर यूरिया जिले में लाई जा रही है। जिले में यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने अधिकारियों को खाद वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने, किसानों से संवाद करने और पीओएस मशीन में उर्वरक स्टॉक की उपलब्धता देखकर इसका भौतिक सत्यापन अवश्य करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी है कि उर्वरक वितरण व्यवस्था पर पैनी नजर रखें ताकि किसानों को सहजता से खाद मिल सके।

उपसंचालक कृषि ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 150 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 120 मीट्रिक टन तथा मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्र के लिए 90 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 250 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी।

इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़, सीएमएस बाकल, सीएमएस स्लीमनाबाद और सीएमएस ढीमरखेड़ा को 50-50 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जायेगी। इसके अलावा एमपी एग्रो कटनी को 60 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जायेगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

## खबर संक्षेप

### डॉ. अनु दुआ पटेरा में देंगी अपनी सेवायें

**दमोह।** दमोह नगर की ख्याति प्राप्त स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन डॉ. अनु दुआ जो निजी चिकित्सक के रूप में अपनी सेवायें देती है। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत अपनी सेवायें देने के लिए अपनी सहमति प्रदान की है। डॉ. दुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटेरा में प्रत्येक माह के 9 एवं 25 तारीख को आयोजित होने वाले विशेष स्वास्थ्य जांच-उपचार क्लीनिक में अपनी सेवायें नियमित रूप प्रदान करेंगी। उल्लेखनीय है कि डॉ. रीता चटर्जी के विशेष प्रयास एवं प्रोत्साहन से डॉ दुआ ने अपनी सेवायें प्रदान करने की अनुमति दी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटेरा में भी सोनोग्राफी जांच सेवा निःशुल्क दी जायेगी। डॉ. चटर्जी ने बताया कि जिला चिकित्सालय दमोह, सिविल अस्पताल हटा के अलावा अब सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटेरा में भी सोनोग्राफी सेवायें निःशुल्क दी जायेंगी। इस संबंध में सभी आवश्यक कार्यवाही कर ली गई है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान 25 नवंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटेरा में डॉ. अनु दुआ द्वारा चिन्हित गर्भवती महिलाओं को आवश्यकतानुसार सोनोग्राफी सेवा दी जायेगी।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का होगा दमोह आगमन

**दमोह।** भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंच ज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम धाम के संयुक्त तत्वाधान में श्री योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के दिशा निर्देशन में दमोह जिले के टोरी ग्राम में 24 घंटे के अखंड जिला स्तरीय श्री दुर्गा चालीसा पाठ के समापन अवसर पर भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष शक्ति स्वरूपा बहन संध्या दीदी जी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री सौरभ द्विवेदी जी का शुभ आगमन हो रहा है। कार्यक्रम का समापन दोपहर 1:00 होगा जिसमें जिले के ग्राम टोरी एवं आसपास के क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग पहुंचकर के मां भगवती एवं पूज्य गुरुदेव जी का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे जिसमें सैकड़ो लोग नशा मुक्त मांसाहार मुक्त होने का संकल्प लेंगे। समापन अवसर पर निःशुल्क शक्ति, जल शक्ति जल प्रसाद एवं विशाल भंडारा होगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोग नशा मुक्त हो मांसाहार मुक्त हो चेतनाव न और चरित्रवान बने और मां भगवती जगत जननी के भक्त बने सभी क्षेत्र वासियों को आमंत्रित किया जाता है कि अगर आप नशे में से मुक्त होना चाहते हैं तो इस दिव्य अनुष्ठान में उपस्थित होकर के आप नशे मन से मुक्त हो सकते हैं।

### पिकअप अनियंत्रित होकर पलटी, दो की मौत, एक घायल

**पन्ना।** पन्ना जिले के सिमरिया थाना की मौहन्द्रा पुलिस चौकी के पास पिकअप अनियंत्रित होकर पलट जाने से पिकअप में सवार तीन लोगों में एक की घटना स्थल पर और एक की दमोह जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है। वहीं तीसरी का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

निर्वाचन से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास ला रहे रंग

# एसआईआर में विस हटा टाप पर, 83% मतदाताओं का डाटा हुआ डिजिटलाइज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार देश में एसआईआर अर्थात मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य जारी है। जिसमें मतदाताओं का वर्ष 2003 के डाटा से मिलान किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में 24 नवंबर 2025 तक की स्थिति में दमोह जिले में हटा विधानसभा क्षेत्र में डिजिटलाइजेशन का कार्य 84% हो चुका है जो जिले की सभी विधानसभाओं से सर्वाधिक है वहीं हटा तहसील उक्त काम में संभाग में भी अव्वल स्थिति में है। इसे एक बड़ी उपलब्धि ही कहा जाएगा कि कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम राकेश मरकाम के मार्गदर्शन में तहसीलदार आलोक जैन नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार, जनपद सीईओ पंचायत निरीक्षक राजेश पाराशर एवं समस्त सुपरवाइजरों के गहन निरीक्षण उपरांत हटा मतदाता सूचियों का स्पेशल इंटेसिव रिवीजन (एसआईआर) कार्य लगभग 85 फीसदी के लगभग पूर्ण हो चुका है। एसआईआर कार्य के शुरूआती दिनों से ही हटा टाप की स्थिति में रहा है वहीं अब बढ़त बनाते हुए है अन्य विधानसभाओं की अपेक्षा अच्छे मुकाम पर पहुंच चुका है। आपको बता दें कि जिले में मतदाता सूचियों का यह गहन पुनरीक्षण कार्य 4 नवंबर से आरंभ हुआ था। शुरूआत के सात-आठ दिन तो गणना पत्रकों को घर-घर बांटने में ही निकल गए। ऐसे में भी एसआईआर कार्य की प्रगति शुरुआत से ही अच्छी रही। ऐसे में जिला निवार्चन अधिकारी कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में रिटर्निंग ऑफीसर राकेश मरकाम ने इस कार्य को सर्वोच्य प्राथमिकता में रखा जहां एसआईआर कार्य में लापरवाही बरतने वाले बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) पर सस्पेंशन सहित अन्य कार्यवाहियां की गई वहीं अच्छे प्रदर्शन वाले बीएलओ को सम्मानित भी किया गया। इसी का नतीजा है कि आज जिले की हटा विधानसभा लगभग 85 फीसदी गणना पत्रकों डिजिटलाइजेशन पूर्ण हो चुका है।

### हर 2 घंटे में हो रही मॉनिटरिंग

अधिकारियों द्वारा प्रतिदिन हर 2 घंटे में बूथवाइज एसआईआर कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए रिपोर्ट्स प्राप्त की जा रही है। सभी बीएलओ, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी, नगर पालिका व पंचायत का अधीनस्थ अमला दिन के साथ-साथ रात में भी इस काम को पूर्ण करने में जुटा हुआ है।

### 4 दिसंबर तक की डेडलाइन, 10 दिन शेष

निर्वाचन आयोग ने एसआईआर का संपूर्ण कार्य 4 दिसंबर 2025 तक पूर्ण करने की समय-सीमा निर्धारित की हुई है। ऐसे में शेष बचे मतदाताओं से प्राप्त गणना-पत्रकों को डिजिटाइज्ड करने में अब सिर्फ 10 दिन ही अवधि शेष बची हैं।

### इनका कहना है

सामूहिक प्रयासों एवं मेहनत से एसआईआर कार्य की प्रगति में उत्तरोत्तर बढ़ोतरी हुई है। निर्धारित डेडलाइन तक इस काम को 100 फीसदी पूर्ण कर लेंगे।
**राकेश मरकाम, एसडीएम, हटा**

### सिद्ध बाबा के दरबार में हुआ भंडारा

**हिंडोरिया।** नगर से 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित काटी की घाटी के पास पहाड़ी पर सिद्ध बाबा धाम पर भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें आसपास के क्षेत्र के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पंगत लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। भोज का आयोजन सिद्ध बाबा कमेटी के द्वारा किया गया। श्रद्धालुओं को भोजन में गक्कड़ भर्ता, पूरी, सब्जी, सलाद, जलेबी आदि परोसे गए। इसके बाद गायन मंडल के कलाकारों के द्वारा भजन कीर्तन गजलों का धार्मिक कार्यक्रम किया गया जो सुबह ११ बजे से शाम ५ बजे तक चलता रहा। ज्ञातव्य हो कि यहां पर लोगों के लगातार भंडारे होते रहते है। श्रद्धालुओं का कहना है यहां पर सच्चे मन से मांगी गई हर प्रकार की मन्नत पूर्ण होती हैं। यहां पूरे क्षेत्र पर वृक्ष लगे हुए हैं। जिससे पहाड़ी हरी भरी दिखाई देती है। राजू ठाकुर ने बताया कि सिद्ध बाबा धाम का क्षेत्र आस्था और श्रद्धा की मिशाल है। यहां पर भक्तों का ताता लगा रहता है। नगर के साथ-साथ दूसरे क्षेत्रों से भी लोग बाबा के दरबार में पूजा अर्चना करने के लिए आते हैं। उक्त अवसर पर करण बाबा,मुकेश सेन, गुड्डू अग्रवाल, बहादुर रैकवार, बसंत सिंह, राकेश अग्रवाल, निप्पी चौरसिया, अजुद्धी चौरसिया, चंपालाल विश्वकर्मा, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, ब्रजेश सेन, रूप चंद्र चौरसिया, प्रदीप सोनी, सत्यनारायण नेमा, सहित सैकड़ो श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

# एसआईआर को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

देश में व्यापक स्तर पर एसआईआर प्रक्रिया चल रही है समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने का प्रशासनिक दबाव स्पष्ट देखा जा रहा है ,जिससे कर्मचारियों पर मानसिक तनाव बढ़ रहा है 1 इस दबाव के चलते हाल ही में दो बीएलओ की मौत भी हो गई है।इसी कड़ी में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ दमोह द्वारा मतदाता गहन पुनरीक्षण में संलग्न बीएलओ और सहायक भी बीएलओ को होने वाली समस्याओं के संबंध में कलेक्टर को अवगत कराया गया तथा भारत निर्वाचन आयोग के नाम एक ज्ञापन भी दिया गया। ज्ञापन में आग्रह किया कि संवर्ग पर अनावश्यक दबाव ना बनाया जाए तथा उन्हें तनावरहित कार्य हेतु उचित सहयोग और सहायता प्रदान की जाए अनुचित व्यवहार करने वाले अधिकारियों को समझाइश दी जाए तथा उनके विरुद्ध कार्रवाई भी की जाए ताकि कर्मचारी फ्रेंडली माहौल में कार्य निर्धारित समय में पूर्ण कर सकें ज्ञापन में कहा गया है कि गणना पत्रक काफ़ी विलंब से प्राप्त हुए हैं, इन्हें वितरण करने, मतदाताओं में जागरूकता की कमी के कारण भरने में देरी और जमा करने में आनाकानी से बहुत समस्याएं आ रही हैं 1 इलेक्शन कमीशन की साइट और सर्वर संबंधी समस्या से ऑन लाइन फीडिंग में भी कठिनाई आ रही हैं 1 अतः इन समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए कर्मचारियों के साथ सहयोगात्मक रवैया अपनाया जाए1

निर्वाचन आयोग से मांग की गई है कि चुनाव कर्मियों की भांति बीएलओ और सहायक बीएलओ को भी मृत्यु उपरांत तीस लाख रूपये की अनुग्रह राशि और परिवार के सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाए 1 कलेक्टर द्वारा सभी बिंदुओं के निराकरण का आश्वाशन दिया गया साथ ही संघ से कहा कि अनुचित व्यवहार करने वाले अधिकारीयों की जानकारी उपलब्ध कराएं। साथ ही कलेक्टर ने बताया कि दिवंगत बीएलओ को एग्रेसिया एवं बीमा की राशि संबंधित कर्मचारी के परिवार को तत्काल उपलब्ध कराई गई एवं उस परिवार को तत्काल अनुकंपा नियुक्ति की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।ज्ञापन देने में जिला अध्यक्ष मुकेश सराफ, जिला संयोजक ताहिर खान जिला कार्यकारी अध्यक्ष अभय भट्ट दमोह ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र चौबे जिला सदस्य रघुवर तिवारी रविंद्र सिंह अतुल जैन कमल सिंह लोधी साथियों की उपस्थिति रही।

आज जनकपुर पहुंचेगी श्री राम जी की बारात पड़ेंगें, सात फेरे के साथ होगा विवाह

# नंदीवन में हुआ मड़वा मायनो एवं हल्दी चढ़ाई रस्म

**दमोह।** स्थानीय जबलपुर नाका स्थित नंदीश्वर महादेव नंदीवन मंदिर परिसर में चल रही श्री सीताराम वैवाहिक कथा रस के चतुर्थ दिवस में हुआ मड़वा, मायनो एवं श्री सीताराम जी के लिए हल्दी चढ़ाई गई कथा व्यास आचार्य पंडित रवि शास्त्री जी महाराज ने श्री विश्वामित्र जी के साथ में श्री रघुनाथ जी और श्री लक्ष्मण जी का जनकपुर में प्रवेश जनकपुर दर्शन पुष्पवाटिका का प्रसंग श्री सीता स्वयंवर धनुष टूटना परशुराम जी का आना एवं जनक जी के दूतो का अयोध्या पहुंच करके श्री दशरथ जी को जनक जी के द्वारा दिया हुआ पत्र देना एवं बारात लाने के लिए आमंत्रित करना यह सब कथा विस्तार से सुनाई आज



25 नवंबर को श्री सीताराम विवाह पंचमी के अवसर पर बारात अयोध्या से जनकपुर पहुंचेगी एवं श्री सीताराम जी का विवाह प्रसंग विधिवत श्रवण कराया जाएगा श्री शास्त्री ने बताया कि पुष्प वाटिका में श्री राम और जानकी जी का प्रथम मिलन होता है, जो पूर्वानुराग की अद्भुत और सौंदर्यमयी अभिव्यक्ति है इधर गुरू विश्वामित्र जी की आज्ञा से श्री राम जी जनक जी की पुष्प वाटिका में आते हैं और उधर माँ की अनुमति से श्री सीता जी गिरिजा पूजन के निमित्त पुष्प वाटिका में आतीं हैं। सीता जी का संग छोड़ एक सखी वाटिका में फूलों का सौंदर्य निरख रही है सहसा उसकी दृष्टि श्री राम और लक्ष्मण पर जा पड़ती है वह चकित विस्मित व विस्फारित नेत्रों से श्री राम और लक्ष्मण का रूप-सौंदर्य-अवगाहन करती है, रोम-रोम पुलकित हो जाता है उसकी अद्भुत दशा देख कर सखियाँ भी चकित हो जाती हैं सीता जी के हृदय की उत्कंठा भी सखियों से छिपी नहीं है माँ जानकी जी को नारदमुनि की बातों का स्मरण हो आता है और हृदय में पुरातन प्रीति की स्मृति जागृत हो जाती है सीता जी के चकित नयन और शिशुमृग सृदश मिश्रित हाव भाव में अति ही शालीनता सौंदर्य का निर्वाह हुआ है मुग्धा मृगी के नयन की भय मिश्रित उत्कंठा सम मर्मभरी भावाव्यक्ति है। सीता जी के कंगन किंकणी और नुपुरों की मधुर ध्वनि मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम के चित्त पर मन की विजय घोषणा का दम्भ भर रही है समग्र विश्व को अपने रूप से आकृष्ट और मोहित कर लेने वाले श्री राम सीता जी के अलौकिक रूप-लावण्यमय को अपलक ठगे से निहारते रह जाते हैं श्रीसीता जी का अनुपम रूप-लावण्य और श्री राम जी का अभूतपूर्व प्रेम असीम मर्यादा के आवरण में मुखर है श्री सीता जी का सौंदर्य मानों स्वयं सौंदर्य की दीपशिखा बन कर सौंदर्य-भवन को प्रकाशित कर रहा है श्री राम स्वयं सीता जी का सौंदर्य-वर्णन करने में अपनी असमर्थता का बोध कराते हैं। पुष्प वाटिका में श्री राम और सीता जी का मिलन वस्तुतः शील और सौंदर्य का अनुपम मिलन है श्री राम की मुख शोभा शब्दों से नहीं बखानी जा सकती और सीता जी का सौंदर्य भी शब्दों की सीमा में नहीं समाता है अति पावन-हृदय अनुज लक्ष्मण से श्री राम सीता जी की शोभा का अनुभव बोध प्रकट करने का प्रयास करते हैं वह रघुवंशमणि हैं उनके स्वप्न में भी अब तक किसी पर-नारी का प्रवेश नहीं हुआ है आज उनकी दशा अद्भुत बन गई है यही भाव दिव्य प्रेम की पवित्रता और मर्यादा का शील-निरूपण कर रहा है वस्तुतः पुष्प वाटिका का वर्णन सम्पूर्ण श्री रामचरित मानस में वर्णित भारतीय संस्कृति में निहित शील और सौंदर्य की अन्यतम अभिव्यक्ति है पुष्प वाटिका का सौंदर्य अलौकिक दिव्य प्रेम व निष्कलुष सौंदर्य का शील सम्पन्न संगमस्थल है इसकी प्रत्येक शब्द ध्वनि में माधुर्य भाव गूँजते हैं।

## जैन शाला ने दो गोल से जीता मैच



**दमोह।** हॉकी दमोह के तत्वावधान मे आयोजित सालोमन उस्ताद शालेय लीग हॉकी प्रतियोगिता मे राष्ट्रीय जैन शाला एवम रामकुमार शाला के बीच मैच खेला गया। संघर्ष पूर्ण मैच मे राष्ट्रीय जैन शाला दो शून्य गोल से विजय रही। मैच निर्णायक शेख असार इमरान विवियन रहे। खिलाडियो से परिचय शासकीय महाविद्यालय के खेल अधिकारी एस व्ही सिंह से कराया गया। इस अवसर पर राजेश सालोमन, ललित नायक, भगवान सिंह, विजय ठाकुर, बिहारी सिंह, संतोष सेन, अल्ताफ विकास जैन, तरूण नामदेव, मेडम थापा, रियाजुदीन चिकी आदि उपस्थित रहे। कल तीन बजे से फाइनल मैच शा शाला हिडोरिया एवं नव जागृति शाला के बीच खेला जाएगा। हॉकी प्रेमियो से उपस्थिति की अपील हॉकी दमोह कर रहा है।

## कलयुग के चार निवास स्थान बताकर बोले शास्त्री 'राधे-राधे बोलिए

**तेंदूखेड़ा।** सैलवाड़ा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक बृज बिहारी सरकार अनिकेत कृष्ण शास्त्री ने श्रद्धालुओं को महाभारत व सनातन धर्म के महत्वपूर्ण उपदेशों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि श्रीसूक्त के भावार्थ के माध्यम से सुखदेव महाराज ने राजा परीक्षित को जीवन, धर्म और समाज के मूल सिद्धांतों का बोध कराया था। भारत देश को नशा मुक्त करना है । शास्त्री जी ने कहा कि महाभारत के प्रसंग में यह स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि ब्राह्मण का वध किसी भी परिस्थिति में नहीं करना चाहिए। किसी सज्जन पुरुष का सार्वजनिक रूप से अपमान जीवनभर का दुख बन जाता है और उसका प्रभाव व्यक्ति तथा समाज दोनों पर नकारात्मक रूप से पड़ता है। उन्होंने कहा कि आज प्रत्येक मनुष्य अमर होना चाहता है, लंबे जीवन की कामना करता है, परंतु जहां उसे अंततः जाना है—उसकी तैयारी कोई नहीं करता। कलयुग के प्रवेश के संबंध में उन्होंने कहा कि शास्त्रों में कलयुग को चार स्थानों पर निवासरत बताया गया है—पहला, जहां जुआ खेला जाता हो; दूसरा, जहां शराब का सेवन हो; तीसरा, जहां व्यभिचार पनपता हो तथा चौथा, जहां जीव हत्या होती हो। उन्होंने कहा कि कलयुग में केवल भगवान का नाम लेने से ही व्यक्ति के जीवन का उद्धार संभव है। उन्होंने श्रद्धालुओं से 'हैलो' और 'हाय' जैसे पश्चिमी अभिवादन को छोड़कर 'राधे-राधे' जैसे दिव्य नामों का उच्चारण करने का आग्रह किया। कथावाचक ने कहा कि पाप की कमाई कभी फलती नहीं है, बल्कि अंत में टूट जाती है। आज का समाज तेजी से पतन की ओर जा रहा है क्योंकि लोग धर्म से विमुख होते जा रहे हैं। परिवार और समाज को संस्कारित बनाना है तो प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में धर्म और आचरण को स्थान देना होगा। उन्होंने विवाह संस्कार की महत्ता पर भी प्रकाश डाला और कहा कि वैदिक विधि से विवाह करना अत्यंत आवश्यक है। यदि माता-पिता चाहते हैं कि उनकी औलाद संस्कारवान बने तो विवाह जैसे महत्त्वपूर्ण संस्कार को शास्त्रसम्मत पद्धति से ही सम्पन्न करना चाहिए। शास्त्री जी ने कहा कि मुगल काल में लोग मजबूरी में छुपकर रात में विवाह करते थे, परंतु आज इसे फैशन या परंपरा मानकर उसी प्रकार किया जा रहा है, जो उचित नहीं है। कार्यक्रम में उन्होंने यह भी कहा कि जीवन में ऐसा कोई कार्य नहीं करना चाहिए जिससे किसी को कष्ट पहुँचे। धर्म का पालन और सत्कर्मों का आचरण ही व्यक्ति के जीवन को सार्थक बनाते हैं। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्तिरस में डूबकर शास्त्री जी के उपदेशों का श्रवण किया। आयोजकों ने बताया कि कथा प्रतिदिन चल रही है और आगामी दिनों में विभिन्न दिव्य लीलाओं का वर्णन किया जाएगा। कथा के बाद दिव्य दरबार भभूति वितरण एवं आरती हुई।

## 32 युवाओं ने किया रक्तदान



**मडियादो।** कस्बे में पहली बार रक्तदान शिविर का आयोजन सीबीएमओ हटा डॉ उमाशंकर पटेल के निर्देशन में किया गया। रविवार को प्रभारी सुपर वाइजर श्रीराम गोस्वामी द्वारा अधिकारी के निर्देश पर कस्बे में रक्त दान करे हेतु सूचना बहुप्रसारित की गई। जिसके बाद जागरूक युवाओं द्वारा सहमति दी गई। वहीं सोमवार को बल्ड डोनेशन वाली वेन मडियादो पहुंची। युवाओं द्वारा बढ़चढ़ रक्तदान किया गया ओर सोशल प्लेटफार्म के माध्यम से सभी से रक्तदान की अपील की गई। रक्तदान करने में युवा, शासकीय कर्मचारी ओर मीडियाजन शामिल थे। इस दौरान 32 लोगों द्वारा रक्त दान किया गया। सीबीएमओ उमाशंकर पटेल द्वारा रक्तदान के समय पहुंचकर लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ उनको रक्तदान करने के फायदे बताए। इस दौरान उनके द्वारा युवाओं से एक टीम बनाने की बात कही गई जो जरूरत के समय रक्तदान करने तैयार रहे। उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से स्वयं को भी फायदा होता है और आप का रक्त दूसरों की जिंदगी बचाता है। इस दौरान कमलेश चौदह, अभिषेक जैन, रामकिशुन मिश्रा, सुरेश पटेल, ड्रा प्रदीप तंतुवाय, गोलू खरे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# लाखों की लागत से बनाई खकरी धाराशाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

तेंदूखेड़ा ब्लॉक में खनिज संपदा का जमकर दोहन हुआ है जिससे आज सिर्फ चारों ओर केवल वहां खनिज संपदा के नाम पर मैदान दिखाई दे रहे हैं पहले लोगों द्वारा राजस्व और वन भूमि कब्जा करने के उद्देश्य से अतिक्रमण करना शुरू किया था उसके बाद ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव व सहायक सचिवों द्वारा प्रमुख भूमिका निभाई गई जंगल की शान वहां फैले हुए पत्थर होते थे जिनका बड़े स्तर पर ग्राम पंचायतों के कार्या में जमकर परिवहन कर उपयोग किया गया है और फर्जी बिल और मजदूरों के नाम पर उनका भुगतान लिया गया है एक ऐसा ही मामला तेंदूखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायत समनापुर से सामने आया है जहां पर लाखों की ग्राम पंचायत द्वारा खकरी बनाई गई थी जो कुछ ही महीनों में कई स्थानों से गिरकर धाराशाई हो गई है और इस खकरी में राजस्व और वन भूमि के पत्थरों का उपयोग किया गया है लेकिन अब इस मामले से अधिकारियों को कोई सरोकार नहीं है। दरअसल मजदूरों को रोजगार देने के उद्देश्य से जिलेभर की ग्राम पंचायतों में खकरी का निर्माण कार्य शुरू हुआ था जिसमें तेंदूखेड़ा ब्लॉक की ग्राम पंचायतें भी शामिल थे खकरी निर्माण कार्य का उद्देश्य लोगों को उनके गांव में ही रोजगार उपलब्ध हो सके और अन्य प्रदेश और शहर ना जाने पड़े इस योजना से लोगों को रोजगार तो मिला है लेकिन वनसंपदा का जमकर दोहन भी हुआ है साथ ही गिने चुने लोगों को रोजगार देकर फर्जी मस्टररोल डालकर लोगों को रोजगार देने के नाम राशि का बंदरबांट हुआ है कुछ इसी तरह ब्लॉक की ग्राम पंचायत समनापुर में हुआ है जहां पर सरपंच सचिव द्वारा खकरी निर्माण में जमकर गड़बड़ियां की है साथ ही गिने चुने लोगों को रोजगार देकर फर्जी मस्टररोल डालकर राशि का बंदरबांट किया है साथ ही खकरी निर्माण में राजस्व और वन भूमि के पत्थरों का उपयोग किया गया है जबकि ग्राम पंचायत द्वारा कही भी पत्थर उठाने की अनुमति दोनों विभाग से नहीं ली गई और पंचायत द्वारा पत्थरो के खरीदी और परिवहन के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार किया गया है और अधिकारियों द्वारा निर्माण कार्य के समय अनदेखा कर वनसंपदा का दोहन होता रहा।

### 9-9 लाख से अधिक की खकरी चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट

ग्राम पंचायतों में बनाई गई खकरी का उद्देश्य था कि सार्वजनिक स्थानों का घेराव किया जा सकें जिसमें किसानों के खेतों का घेराव करना और उन्हें सुरक्षित करना था लेकिन किसानों के खेतों का घेराव तो किया गया है लेकिन सरपंच सचिव द्वारा इन खकरियो में जल्दबाजी के चक्कर में तकनीकी का ध्यान नहीं रखकर निर्माण कार्य कराया गया जिसके कारण कुछ ही महीनों में कई ग्राम पंचायतों में यह खकरी गिरकर धाराशाई हो गई है और पत्थर खेतों और सड़क किनारे बिखरे हुए हैं ऐसा ही ग्राम पंचायत समनापुर में हुआ है जहां पर वर्ष 2024-2025 में 9 लाख 54 हजार रूपए की लागत से वेयर हाउस से अमित जैन के खेत तक खकरी का निर्माण हुआ है और दूसरी खकरी का निर्माण कार्य जंगल की सीमा से भूपत के खेत तक हुआ है जो कि वर्ष 2023-24 में जिसकी लागत 9 लाख 85 हजार है इतनी बड़ी राशि से इस ग्राम पंचायत समनापुर में खकरी का निर्माण कराया गया था लेकिन ग्राम के कुछ लोगों ने बताया कि इन सभी खकरी में ग्राम पंचायत द्वारा राजस्व भूमि और वनभूमि के पत्थरो का उपयोग किया है साथ ही कुछ पत्थर मिट्टी के अन्य निर्माण कार्य में निकलने वाले पत्थरों का उपयोग हुआ है और गिने चुने लोगों को रोजगार दिया गया है और अन्य लोगों के नाम पर फर्जी मस्टररोल डालकर राशि निकाली गई साथ ही फर्जी बिल बाउट लगाकर राशि आहरण किया गया है जिसमें जनपद के अधिकारियों की मुख्य भूमिका है।

गौरतलब है कि तेन्दूखेड़ा उप वनमंडल के चारों वन परिक्षेत्रों के जंगलों एवं राजस्व भूमि में बड़ी संख्या में पत्थर पाए जाते है और बड़ी संख्या में पत्थर मौजूद है लेकिन दोनों विभागों की भूमि से ग्राम पंचायतों में पत्थरों का दोहन किया जा गया है और आज भी हो रहा है है।
इस संबंध में एसडीएम सौरभ गंधर्व से बात की गई तो उन्होंने कहा मैं जनपद सीईओ से बात करता हूं और जानकारी लेता हूं ।
जनपद सीईओ मनीष बागरी का कहना है अगर खकरी गड़बड़ी की गई है और धाराशाई हुई है तो मैं दिखवाता हूं और कल ही टीम बनाकर जांच करा लेता हूं इस संबंध में उप वनमंडल अधिकारी प्रतीक दुबे से बात की गई तो उन्होंने कहा मैं जांच करा लेता हूं पत्थर कहा से लाया गया है ।

# सतधरू सिंचाई परियोजना क्षेत्र से बाहर की भूमि पर खेती की अनुमति की मांग



**दमोह।** सतधरू सिंचाई परियोजना के तालाब क्षेत्र से बाहर स्थित शेष भूमि पर खेती की अनुमति को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से गुहार लगाई है। ग्राम खजुरजाई टोला, हरदुआ हटरी तहसील दमोह जिला दमोह के अनेक गरीब आदिवासी परिवारों ने कॉग्रेस नेता पंडित मनु मिश्रा के नेतृत्व में वन मंडल अधिकारी को ज्ञापन देकर बताया कि वे वर्षों से उक्त भूमि पर खेती कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते आ रहे हैं। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि सिंचाई विभाग की गाइडलाइन के चलते उन्हें खेती करने से रोका जा रहा है, जिससे उनके समक्ष रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि परियोजना क्षेत्र से बाहर की शेष भूमि पर उन्हें पुनः खेती करने की अनुमति प्रदान की जाए। इस अवसर पर कांग्रेस नेता मनु मिश्रा ने ग्रामीणों के समर्थन में कहा, ₹गरीब और आदिवासी परिवारों की आजीविका छीनना अन्याय है। ये लोग वर्षों से इस भूमि पर खेती कर रहे हैं और यही उनकी जीविका का एकमात्र साधन है। प्रशासन को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए तत्काल प्रभाव से इन्हें खेती की अनुमति देना चाहिए। कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर इन ग्रामीणों के हक की लड़ाई लड़ेगी। ज्ञापन में बड़ी संख्या में ग्रामीण आदिवासी जनों की उपस्थिति रही। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते अनुमति नहीं मिली तो उनके परिवारों के सामने भुखमरी जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

# सांसद खेल महोत्सव का हुआ समापन

वॉलीबॉल के मैदान में दिखा जोश,चौपरा बनी चैंपियन



**जबेरा।** संसदीय क्षेत्र दमोह में खेल महोत्सव का आयोजन दमोह सांसद राहुल सिंह की लोधी के निर्देशन में किया जा रहा है इसी के अंतर्गत जबेरा विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा स्तरीय बालीवाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन संरक्षक मंत्री नितेंद्र सिंह लोधी के द्वारा संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के तहत हुए विधानसभा स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट में खिलाड़ियों के जज्बे टीमवर्क एवं खेल भावना का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला सबसे पहले सेमीफाइनल मुकाबले में नोट यंग स्टार बनाम जवेरा जूनियर रहा रोमांचक खेल में नोट यंग स्टार ने शानदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल में प्रवेश किया दूसरा सेमीफाइनल चोपरा बनामजबेरा सीनियर का खेला गया जिसमें चोपरा टीम विजई रही उक्त दोनों टीमों के बीच कल संघर्ष देखने को मिला हर सेट में जबरदस्त टक्कर, मजबूत सर्विस ब्लॉक और इसमें शेष ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। अंत में अपने बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर चोपरा टीम ने विजयि खिताब जीता, वहीं नोट यंग स्टार उपविजेता रही खिलाड़ियों की ऊर्जा अनुशासन टीम स्फूर्ति, और खेल भावना को नमन नोहटा की धरती पर आज खेल का असली रंग देखने को मिला फाइनल मैच में सम्मिलित हुए राज्य मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने विजेता एवं उपविजेता दोनों टीमों को पुरस्कृत करते हुए उनके मंगलमय उज्जवल भविष्य की कामना की उक्त अवसर पर मंत्री महोदय के साथ अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

**खबर संक्षेप**

## संत गुलाब बाबा का विशाल भंडारा 30 नवंबर को

**नरसिंहगढ़।** नरसिंहगढ़ संत गुलाब बाबा के भक्तों द्वारा भंडारे की तैयारी की जा रही है जिसमें महिलाओं द्वारा गेहूं की साफ सफाई की जा रही है जो संत गुलाब बाबा के भंडारे के लिए हर वर्ष महिलाएं गला इकट्ठा करती हैं और पुरुष क्षेत्र के सभी गांव से दान इकट्ठा होता है जिसमें अन्य दान सबसे ज्यादा गेहूं का दान होता है जिसमें राशि का भी दान भक्तों द्वारा दिया जाता है जो क्षेत्र के लोग बड़े ही प्रेम से इस भंडारी के लिए दान देते हैं। लगातार 17 , 18 वर्षों से श्री राम बाग धाम नरसिंहगढ़ से चरण पादुका सागर के लिए निकल जाती है जिसमें विशाल भंडारा का आयोजन किया जाता है। जिसमें आज से तैयारी चालू भंडारे के भजन की जिसमें गेहूं की साफ सफाई की जा रही है। भक्ति महिलाओं के द्वारा खडरा मोहल्ला की महिलाएं शुरू से ही संत गुलाब बाबा के भंडारे के लिए अपना समय दान अंशदान करती हैं। आज महिलाओं के द्वारा गेहूं साफ सफाई की जा रही है। इसके बाद आटा चक्की से गेहूं को पिसाई जाएगा। जिसमें लगभग लगभग 10-20 गांव से अनुदान के माध्यम से 15 कुंटल लगभग गेहूं पीसने का कार्य किया जा रहा है। यह भी अलग-अलग जगह पर आटा पीसने का कार्य किया जा रहा है।

## विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम शिविर आज

**दमोह।** म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लिमि. दमोह वृत के अधीक्षण अभियंता (संचा./संधा.) ने विद्युत उपभोक्ताओं से कहा है म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लिमि. दमोह वृत परिसर में विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की मासिक बैठक नवम्बर माह के चतुर्थ मंगलवार आज 25 नवम्बर 2025 को समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक आयोजित की जायेगी। फोरम शिविर का स्थान दमोह वृत कार्यालय परिसर यथावत रहेगा। विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायत के निराकरण हेतु वृत स्तर पर संचालित विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम द्वारा निर्णय किया जाता हैं।

## गृह पंचायत का ऐसा मोह कि वर्षों से है अतिरिक्त प्रभार में

**पथरिया।** विगत वर्ष पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सचिवों के तबादले किए गए जिसमें स्पष्ट निर्देश जारी किए गए कि कोई भी सचिव गृह पंचायत में नही रहेगा जिसके बाद कुछ दिन तक अमल रहा लेकिन बाद में मूल पदस्थापना किसी पंचायत में और अतिरिक्त प्रभार में गृह पंचायत करा लिया जिससे उनके सब काम चल रहे हैं जनपद पंचायत अंतर्गत कुछ पंचायत में सचिव को अपनी गृह पंचायत से ऐसा मोह है कि लेन देन करके तक गृह पंचायत का अतिरिक्त प्रभार लिए बैठे हैं वह भी वर्षों से डबल पंचायत का काम देख रहे हैं।

### विश्वकप विजेता बनी दमोह की सुषमा पटेल—संघर्ष की धूप में तपकर निकली सुनहरी सफलता

# गांव की बेटी ने लिखी जीत की इबारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



दमोह जिले के छोटे से गांव घाना मैली की साधारण-सी दिखने वाली युवती ने विश्वकप के मंच पर असाधारण उपलब्धि दर्ज की है। मजदूर परिवार की बेटी सुषमा पटेल ने दृष्टिबाधित T20 महिला विश्वकप में भारत को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। फाइनल में नेपाल पर 7 विकेट की जीत के साथ भारत ने विश्व खिताब अपने नाम किया, और इसी जीत के केंद्र में रही दमोह की यह उभरती क्रिकेटर जिसने गांव, जिले और प्रदेश का मान बढ़ाया।

बचपन की एक चोट से शुरू हुआ संघर्ष—पर हिम्मत नहीं हारी

सुषमा के जीवन की दिशा उस दिन बदल गई जब बचपन में रामायण धारावाहिक देखते समय खेल-खेल में धनुष का वाण आंख में लग गया। दृष्टि कमजोर हुई, रास्ते धुंधले पड़े—लेकिन सपनों की चमक कभी कम नहीं हुई।

पिता बाबूलाल पटेल मजदूरी करते हैं, पर अपनी बेटी की उड़ान में कभी कमी नहीं आने दी। सुषमा कहती हैं—"पिता का भरोसा ही मेरी ताकत बन गया।





### संसाधन नहीं—तो घर की कच्ची दीवारें ही बन गईं नेट प्रैक्टिस

जहां शहरों में क्रिकेट अकादमियां और आधुनिक सुविधाएं होती हैं, वहीं सुषमा ने कच्चे घर की दीवारों को ही प्रैक्टिस पिच बना लिया। गेंद उछालना, कैच पकड़ना, बैटिंग सब कुछ उन्हीं दीवारों के सहारे। गरीबी के बावजूद पिता ने मजदूरी और सब्जी बेचकर बच्चों की पढ़ाई और खेल जारी रखा। भाई अभिषेक का मैच देखने गई सुषमा स्वयं खेलने की जिद कर बैठीं। उसी दिन से क्रिकेट उनका रास्ता बन गया। गांव और स्कूल में उन्होंने लड़कों के साथ खेलकर खुद को साबित किया। स्कूल प्रतियोगिताओं के दौरान कैच न पकड़ पाने पर शिक्षक को संदेह हुआ। जांच में पता चला कि सुषमा दृष्टिबाधित हैं। इसके बाद उनका चयन दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम में हुआ और बेंगलुरु कैंप में उनके प्रदर्शन ने उन्हें कप्तान तक की भूमिका दिलाई।

### परिवार फाइनल नहीं देख पाया न टीवी, न स्मार्टफोन

विश्वकप जैसे बड़े टूर्नामेंट का फाइनल खेलने वाली बेटी लेकिन घर में टीवी तक नहीं। परिवार के पास साधारण कीपैड फोन है, जिसमें कॉल भी अक्सर नहीं लगती। मैच खत्म होते ही सुषमा ने घर फोन किया और बोलीं— हम जीत गए, बाबू , भारत विश्व चैंपियन बन गया। उस एक वाक्य ने पूरे परिवार की आंखें खुशी से भर दीं।

### तीन बहनें डॉक्टर—अब सुषमा परिवार की 'स्पोर्ट्स स्टार'

बाबूलाल पटेल ने कठिनाइयों के बावजूद अपने बच्चों की पढ़ाई नहीं छोड़ी। चार बेटियों में तीन—गोमती, भगवती और राज—आज एम्स भोपाल, बिहार और जबलपुर में डॉक्टर हैं। भाई अभिषेक रणजी स्तर तक पहुँचा, लेकिन दुर्घटना और कोविड के कारण क्रिकेट छोड़कर आज ऑटो चलाता है और परिवार को संभाल रहा है। अब सुषमा ने परिवार की नई पहचान बनाई—विश्वकप विजेता क्रिकेटर।

### बेटियों को मौका दें - पिता का संदेश

अपनी बेटी की सफलता पर बाबूलाल पटेल भावुक होते हुए बोले मैंने बेटों से ज्यादा बेटियों पर भरोसा किया। आज वे देश का नाम रोशन कर रही हैं। सभी माता-पिता से कहता हूँ—बेटियों को मौका दें, वे किसी से कम नहीं।

### प्रेरणा की मिसाल

सुषमा पटेल की कहानी सिर्फ एक खेल उपलब्धि नहीं—यह संघर्ष, विश्वास, मेहनत और अवसर की कहानी है। एक छोटे से गांव से उठकर विश्व मंच तक पहुंची यह बेटी आज पूरे देश के लिए प्रेरणा बन गई है।

### पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी पहुंचे जेपीबी स्कूल

## छात्राओं को सुरक्षा, सतर्कता व आत्मरक्षा के दिये टिप्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

महिलाओं एवं बालक-बालिकाओं के साथ होने वाले अपराधों की रोकथाम एवं जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान मुस्कान अभियान शहर के जेपीबी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी ने अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराते हुए छात्र-छात्राओं को सुरक्षा, सतर्कता एवं आत्मरक्षा के महत्त्व पर मार्गदर्शन दिया।

मुस्कान अभियान विशेष जागरूकताअभियान कार्यक्रम के दौरान सब इंस्पेक्टर गरिमा मिश्रा, सब इंस्पेक्टर सविता रजक, प्रधान आरक्षक मंजूलता टंडन, साइबर सेल से प्रधान आरक्षक सौरभ टंडन, स्कूल प्राचार्य डी.के. मिश्रा, शरद मिश्रा सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं। विशेष जागरूकता सत्र में साइबर सुरक्षा, गुड टच–बैड टच, बाल संरक्षण कानून, ऑनलाइन ठगी से बचाव और महिलाओं के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को निडर होकर अपनी बात रखने एवं किसी भी आपराधिक घटना की तुरंत सूचना देने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में सहयोग, सम्मान और समानता की भावना को मजबूत करना तथा समाज में सुरक्षित वातावरण बनाने की दिशा में सभी को जागरूक करना रहा।

## मैरिज गार्डन में व्यवस्था में लापरवाही पाई गई तो संचालक स्वयं जिम्मेदार होंगे



**दमोह।** दमोह नगर पालिका सभागार में नगर के मैरिज गार्डन संचालकों की बैठक आयोजित की गई। एसडीएम दमोह आर.एल. बागरी ने इस दौरान मैरिज गार्डन संचालकों को कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। एसडीएम आर.एल. बागरी ने कहा शहर में संचालित सभी मैरिज गार्डन पूर्ण अनुमति के साथ ही संचालित किए जाएं और पार्किंग की उचित व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगली बार किसी भी प्रकार की व्यवस्था में लापरवाही पाई गई तो संचालक स्वयं जिम्मेदार होंगे तथा उनके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। इसी दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि मैरिज गार्डन में सफाई व्यवस्था एवं फायर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सुचारू रहनी चाहिए। इसके अतिरिक्त, वाहनों की पार्किंग व्यवस्थित रखने हेतु पर्याप्त गार्डों की नियुक्ति की जाए। बैठक में सभी मैरिज गार्डन संचालक मौजूद रहे।

# मंत्री का क्षेत्र फिर भी मंडी में किसानों के लिए नहीं मिल रही सुविधाएं

### जिम्मेदार नदारत, पांच रूपए में भोजन योजना बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

एक तरफ शासन किसानों की जनहितैषी बता रही है लेकिन उन्हीं का प्रशासन किस तरह से योजनाओं का संचालन कर रहा इस पर ध्यान दिया जाए तब पता चलें कि आखिर किस तरह से योजनाओं की दुर्दशा हो रही है। मंत्री का क्षेत्र होने के बाद भी कोई कार्यवाही का डर भय नही रहता। मनमर्जी से सब चल रहा है। किसानों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नही हो पा रही है। ऐसी ठंड में किसानों को टीन शेड के नीचे रूकना पड़ रहा है। शौचालय शोपीस बनकर रह गए।



कृषि विभाग द्वारा कृषि उपज मंडी में अपनी उपज बेचने आए किसानों को शासन द्वारा 5 रूपए में पुड़ी सब्जी मिल सकें इसके लिए केंटीन चालू की जिसकी कृषि उपज मण्डी समिति द्वारा मंडी में किराए से कमरा भी दिया जाता है लेकिन अब उसका संचालन बंद कर दिया है। सोचने वाली बात है कि सोयाबीन व मक्का की फसल बेचने सुबह से किसान मंडी में अपने अपने टैक्टर ट्राली लेकर आ रहे हैं लेकिन सुविधा के नाम पर मंडी प्रांगण लगें नलों से पानी नही आ रहा, और किसानों को 5 रूपए में भोजन मिलना भी बंद है। ऐसे में शासन द्वारा संचालित योजना का क्या औचित्य हुआ। वही इस संबंध में मंडी कर्मचारियों का कहना है कि खुलती हैं कभी कभार जबकि हकीकत यह है कि सिर्फ ठेका चल रहा है पर खुलती नही है। जहां केंटीन बनी वहां जाकर खुद देखें सकते हैं। मंडी प्रांगण में केंटीन का कही बोर्ड तक नही लगा। मंडी के अधिकारियों व कर्मचारियों की मिली भगत से सब चल रहा है।

वही इस संबंध में एसडीएम/भारसाधक अधिकारी कृषि उपज मंडी निकेत चौरसिया से बात की तो उनका कहना था कि केंटीन चालू इसलिए नही है कि किसान अपने अपने घर से खाना खाकर आते हैं ऐसे में केंटीन में खाना नही बनता फिर भी दिखवाते है।

## नवनियुक्त युवा कांग्रेसियों का कांग्रेस ने किया स्वागत



**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पिछले दिनों सम्पन्न युवा कांग्रेसियों के चुनाव में विजयी युवाओं का जिला कांग्रेस कार्यालय में पुष्पाहार द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच युवाओं ने जिले के समस्त ब्लाको में सदस्य बनाये गये औस जिसने सर्वाधिक सदस्य बनाये वही निर्वाचित अध्यक्ष बने और मानना है जिस ओर जवानी चलती और जमाना चलता है। पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि अब युवाओं की ही जिम्मेदारी बनती है कि भारतीर जनता पार्टी की कथनी करनी को जनता के सामने उजागार करे कि भाजपा सत्ता पाने के लिए कुछ भी कर सकती है। संजय चौरसिया, प्रदीप पटैल, रजनी ठाकुर, प्रफुल्ल श्रीवास्वत, बसंत कुशवाहा, शमीम कुरैशी, वीरेन्द्र राजपूत, अजय जाटव, खिलान सिंह ने भी युवा इकाईयों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह युवा इस समय चुन कर आये जब भाजपा के नेता तरह तरह की धमकिया पहुंचाते है पिछले समय तो दो युवाओ को तो नजरबंद करके भी रखा गया था। नवनिर्वाधित जिला अध्यक्ष दृगपाल सिंह ने कहा कि चह वरिष्ठो से मार्गदर्शन लेकर भाजपा की कुनीतियों के खिलाफ आवाज उठाते रहे है और भविष्य में भी युवाओं की आमजन की आवाज उठाते रहेगे। इस अवसर पर हटा युवा कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ राय, जबेरा से श्रीकांत पोर्ते, पथरिया से गौरव गर्ग, देवेन्द्र सींग, राजा पटना विकास पाण्डेय, इमरोज खान, पूरन लोधी, लबकुश ठाकुर, अभिषेक सोनी, विकेश सिहं, रामजी सिंह, श्रीकांत पटैल, मुकेश सोनी सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिती रही।

## कृषि उपज मंडी एवं हटा का किया निरीक्षण

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिये गये निर्देश के तहत कृषि विभाग के उपसंचालक कृषि जी.एल. अहिरवर, सहायक संचालक कृषि एस. एल. कुर्मी, सहायक संचालक कृषि जे.एल. प्रजापति द्वारा कृषि उपज मंडी दमोह एवं हटा का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मंडी गेट पास काउंटर बढ़ाने, पेय जल हेतु कैंपर की व्यवस्था करने, सभी मंडी कर्मचारियों को आईडी कार्ड धारण करने, लाइट की उचित व्यवस्था करने, किसानों को समय पर भुगतान करने, भावांतर योजना अंतर्गत आने वाली समस्त प्रकार की शिकायतों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

## स्वास्थ्य संस्थाओं में गर्भवती महिलाओं की विशेषज्ञ द्वारा विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक आज

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने बताया प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत आज 25 नवम्बर दिन मंगलवार को सिविल अस्पताल हटा सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं इनके क्षेत्रान्तर्गत ग्रामीण स्तर पर समुदाय के निकट संचालित आयुष्मान आरोग्यम उप स्वास्थ्य केन्द्र में विशेष स्वास्थ्य जांच-उपचार क्लीनिक आयोजित किये जायेंगे। डॉ. अठया ने सभी चिन्हित जोखिम वाली महिलाओं को निःशुल्क विशेषज्ञ स्वास्थ्य लाभ लेने अपने नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/सिविल अस्पताल हटा में पहुंचने का आग्रह किया है। इस संबंध में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने बताया कि चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं एवं माह नवंबर एवं दिसबंर में अनुमानित प्रसव तिथि वाली सीवियर एनीमिक एवं गर्भावस्था दौरान उच्च रक्तचाप से पीड़ति (पीआईएच) महिलाओं की विशेष रूप से स्वास्थ्य जांच- परीक्षण एवं उपचार सेवायें स्त्री रोग विशेषज्ञ/स्किल लैब प्रशिक्षित चिकित्सक द्वारा की जायेगी। उन्होने कहा कि इस संबंध में जिला स्तर से सूची ब्लॉक स्तर पर प्रेषित की जा चुकी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में सीएचओ द्वारा सामान्य गर्भावस्था वाली महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के अलावा सप्ताह दौरान नवीन चिन्हित गर्भवती एवं अनियमित मासिक चक्र वाली महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की जायेगी। गर्भावस्था दौरान रखी जाने वाली आवश्यक सावधानियों के बारे में परामर्श सेवायें दी जायेगी। उन्होंने बताया 26 नवम्बर दिन बुधवार को जिला चिकित्सालय एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिन्हित जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा की जायेगी।

## श्री सत्य साई शताब्दी समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



श्री सत्य साई शताब्दी वर्ष का समारोह भक्तों और आमंत्रित अतिथियों के बीच पूर्ण भव्यता के साथ महारानी लक्ष्मी बाई कन्या शाला के प्रांगण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और वक्ता, बाबा के अनन्य भक्त मुकुंद राव नायडू (जबलपुर ) के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। भक्तों के द्वारा पहले वेदपाठ व ओमकार कर साई भजन की सुमधुर प्रस्तुति दी गई। जिला आध्यात्मिक समन्वयक मुकेश कुमार दुबे ने भगवान श्री सत्य साई बाबा का जीवन परिचय और उनके द्वारा किये गए सामाजिक कार्यों की जानकारी प्रदान की तथा जिलाध्यक्ष राकेश कुर्मी द्वारा संगठन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि का परिचय समिति संयोजक धरमेश्वर मिश्रा ने तथा उनका पुष्पहार से स्वागत रामस्वरूप कुर्मी ने किया श्री नायडू ने अपने प्रभावी उद्बोधन में स्वामी के साथ हुए अनुभव के बारे में बताते हुए कहा कि स्वामी की तस्वीर को तस्वीर नहीं बल्कि स्वामी की दिव्य और साक्षात उपस्थिति समझो और केवल उनकी कृपा पाने की प्रार्थना करो। कार्यक्रम के दूसरे चरण में बाल विकास के बच्चों की मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुति नृत्य व रोल प्ले के माध्यम से दी गई। संगठन द्वारा आयोजित निबंध प्रीतियोग्यता में भाग लेने वाले स्कूली बच्चों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बाल विकास के बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए । कार्यक्रम का संचालन मुकेश दुबे व प्रतीक दुबे द्वारा किया गया और संगठन की ओर से आभार प्रदर्शन डॉ आलोक सोनवलकर ने समस्त उपस्थित अतिथियों के प्रति व्यक्त किया स कार्यक्रम का समापन महामंगल आरती एवं प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में देवीसिंह राजपूत, चौनसींग ठाकुर, दीनदयाल नामदेव, कैलाश नेमा, चित्तर सींग ठाकुर, संगम पटेल, हर्ष ठाकुर एवं संगठन के अन्य सभी दायित्ववान भक्तों का सहयोग रहा।

## शतचंडी यज्ञ के उपलक्ष में विशाल कलश यात्रा का होगा आयोजन

**जबेरा।** जबेरा नगर के समीप स्थित पुरनयाऊ आनंद धाम में मां सिद्धेश्वरी काली मैया की 11वीं वर्षगांठ के अवसर पर विराट सत चंडी महायज्ञ, श्रीमद् भागवत कथा एवं विशाल संत समागम का आयोजन 25 नवंबर से 3 दिसंबर 2025 तक किया जा रहा है जिसके उपलक्ष में कल दिनांक 25 दिसंबर 2025 को एक विशाल कलश यात्रा का आयोजन सिद्ध पीठ क्षेत्र श्री नरसिंह देवालय जबेरा से प्रातः 9:00 बजे प्रारंभ किया जावेगा जो नरसिंह देवालय से खेरमाता मंदिर, मुरली मनोहर मंदिर एवं ग्राम के प्रमुख रास्तों से होता हुआ श्री आनंद धाम पहुंचेगी जिसमें आनंद धाम पीठाधीश्वर दंडी स्वामी श्री नर्मदानंद जी सरस्वती महाराज ( श्री रंजीत नंद जी) एवं अनंत श्री विभूषित पंचखंड द्वादश पीठाधीश्वर परम पूज्य गुरुदेव श्री दंडी स्वामी श्री कालिकानंद सरस्वती जी महाराज और अनंत श्री विभूषित कालीधाम पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ स्वामी राधे चैतन्य जी महाराज जबेरा क्षेत्र की समस्त धर्म प्रेमी बंधुओ, माता ओ एवं समस्त क्षेत्र वासियों को आमंत्रित किया है कि कल दिनांक 25 /11 /2025 दिन मंगलवार को प्रातः 9:00 बजे उपस्थित होकर के उक्त कलश यात्रा को सफल बनाने की अपील की है साथ ही जिन भक्तों ने कलश यात्रा हेतु अपने ट्रैक्टर एवं चार पहिया वाहन लगाने की घोषणा की थी उन सभी से आग्रह किया है कि समस्त धर्म प्रेमी बंधु 9:00 बजे आनंद धाम पहुंच कर पुण्य लाभ अर्जित करें।

## पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ



बटियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत चौकी केरबना के ग्राम खड़ेरी में पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए संघर्ष में आठ से अधिक लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार खड़ेरी ग्राम निवासी दीपा दुबे पत्नी हरिश्चन्द्र दुबे का परिजनों के साथ गाय को लेकर विवाद हो गया। विवाद की सूचना दीपा दुबे ने अपने भाइयों को दी, जिसके बाद उनके भाई सागर से अपने साथियों सहित खड़ेरी पहुंचे। बताया जा रहा है, कि पहुंचते ही दोनों पक्षों के बीच कहासुनी बढ़ गई। और देखते ही देखते गांव के ही हजारों लोगों ने मारपीट शुरू हो गई। ईंट पत्थर से हमला कर दिया, संघर्ष में सागर से आए दीपा दुबे के आठ लोग मधुर पटेल पिता पवन, जागेश पिता शिवराज दुबे, आकाश पिता देवेश दुबे, सोमेश पिता शिवराज दुबे, अमन पिता मनोज दुबे, महेन्द्र पिता नर्मदा रैकवार, देवेश पिता शिवराज दुबे, योगेश पिता शिवराज दुबे (रिस्ते में भाई) घायल हो गए। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी एस. एन. यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं बटियागढ़ थाना से भी पुलिस बल भैजा गया, संघर्ष में भीड़ में से ही किसी ने पुलिस वाहन 112 डायल का पीछे का शीशा फोड़ दिया। बड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने स्थिति को काबू में किया। घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) बटियागढ़ भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। बटियागढ़ थाना प्रभारी रजनी शुक्ला ने कहा कि अभी तस्दीक की जा रही है जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## गाली गलौज के विवाद में युवक पर कुल्हाड़ी से हमला



**बटियागढ़।** बटियागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घूघस में दो युवकों में गाली गलौज से विवाद शुरू हुआ और इतना बढ़ गया कि एक आदिवासी समाज के युवक ने नरेन्द्र साहू पिता तेजी साहू उम्र 35 निवासी घूघस पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिसको सिर में दो जगह गंभीर चोटे आई। डायल 112 से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बटियागढ़ लाया गया। जहां ड्यूटी डॉ. खान के द्वारा घायल का इलाज किया गया। गंभीर चोट होने से डाक्टर ने नरेन्द्र साहू को जिला अस्पताल रेफर किया। घायल ने बताया कि एक आदिवासी समाज का युवक और मेरे मित्र बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। तो मैंने अपने मित्र को वहां से जाने को कहा जैसे ही मेरा मित्र चला गया तो आदिवासी समाज का युवक मेरे साथ गाली गलौज करने लगा। और दौड़ते हुए उसने मुझे कुल्हाड़ी से सिर पर हमला कर दिया। पुलिस मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है वहीं जांच में जो तथ्य सामने आयेंगे उस आधार पर धारा लगेगी।